**ट्रैक्टर पलटने से 3 लोगों की मौत**

भुवनेश्वर 4 मई (निस) ओडिशा के जाजपुर जिले में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां ट्रैक्टर पलटने से एक किशोर समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जान चली गई। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना रविवार तड़के बालीचंद्रपुर थाना क्षेत्र के बहादुर नगर में हुई।


दैनिक

# भारत देश हमारा

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी www.Bharatdeshhamara.com DAILY BHARAT DESH HAMARA PATIALA

रजिस्ट्रेशन नं. पीबी/पीटीए ( 0273 )/2024-26 PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985 वर्ष 41 अंक 123 पटियाला सोमवार 5 मई 2025 मूल्य दो रुपए कुल पृष्ठ: 8 फोन : 0175-5061948, Posted at RMS Patiala E-mail:- bdhpatiala@gmail.com


**मणिपुर हिंसा के दो साल पूरे, दोनों संगठनों ने बुलाया बंद**

इंफाल 4 मई (निस) मणिपुर हिंसा को 3 मई को दो साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान 250 से ज्यादा मौतें हुईं। 50 हजार लोग आज भी विस्थापित जिंदगी जीने को मजबूर हैं। जो 6 हजार एफआईआर दर्ज हुईं, उसमें से करीब 2500 में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। जो गंभीर अपराध हैं, उन पर खानापूर्ति हुई।

## पीएम मोदी ने वायुसेना प्रमुख एपी सिंह के साथ की विशेष बैठक

### पहलगाम हमले के बाद की स्थिति की समीक्षा, संभावित कार्रवाई पर गहन चर्चा



नई दिल्ली 4 मई (निस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों पर लगातार सक्रिय हैं। रविवार को वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने पीएम मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात पहलगाम हमले के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने भी पीएम मोदी से मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने नौसेना की तैयारियों और सक्रियता की जानकारी दी थी। पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी लगातार उच्च स्तरीय बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने दो बार कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक भी बुलाई है, जिसमें सेना को कार्रवाई के लिए पूरी छूट दी गई है। पीएम मोदी तीनों सेना प्रमुखों के साथ अलग-अलग बैठकें भी कर रहे हैं, ताकि पाकिस्तान के खिलाफ संभावित कार्रवाई की रणनीति तैयार की जा सके।

तीनों सेना प्रमुखों से अलग-अलग मुलाकात-26 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने पहली सीसीएस बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुख शामिल हुए। पीएम मोदी का स्पष्ट निर्देश-पीएम मोदी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि भारत की प्रतिक्रिया **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## रामबन में सेवा का वाहन हादसाग्रस्त, 3 जवान शहीद

रामबन 4 मई (निस) रविवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास सेना का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है जिसमें 3 सैनिकों के शहीद होने की खबर सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेना का एक ट्रक 600 फीट गहरी खाई में लुढ़क गया जिससे 3 सैन्यकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना का ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। एक अधिकारी ने बताया, जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन के पास ट्रक के 600 फीट गहरी खाई में लुढ़क जाने से उसमें सवार तीन सैन्यकर्मियों की मौके पर ही शहीद हो गए। मृतक सैनिकों की पहचान अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर के रूप में हुई है। पुलिस, सेना, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी रामबन स्वयंसेवकों की मदद से बचाव अभियान जारी है। हादसे की जांच के आदेश भी दिए गए हैं।

## हमें साथ देने वाले चाहिए, ज्ञान देने वाले नहीं-पहलगाम हमले पर यूरोपीय समुदाय के बयान से नाराज हुए जयशंकर

### तीखा पलटवार, आम नागरिकों पर हमले असहनीय, आतंकवाद को अब नेस्तनाबूद कर देंगे



नई दिल्ली 4 मई (निस) भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक बार फिर यूरोपीय यूनियन को कड़े शब्दों में जवाब दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि भारत को ऐसे साथी देशों की जरूरत है जो संकट की घड़ी में उसके साथ खड़े हों, न कि केवल उपदेश देने वाले बनें। उनका यह बयान उस समय आया है जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर यूरोपीय यूनियन ने एक 'राजनीतिक' टिप्पणी कर दी थी।

'हम पार्टनर चाहते हैं, उपदेशक नहीं' विदेश मंत्री एस जयशंकर से जब यह पूछा गया कि भारत यूरोप से क्या अपेक्षा करता है, तो उन्होंने बिना किसी संकोच के कहा, जब हम दुनिया की तरफ देखते हैं तो हमें साथ देने वाले चाहिए, ज्ञान देने वाले नहीं। खासतौर पर ऐसे जो अपने देश में खुद वही बातें नहीं मानते जो दूसरों को सिखाते हैं। जयशंकर ने साफ कहा कि कुछ यूरोपीय देश आज भी उसी मानसिकता में जी रहे हैं जहां वे खुद को श्रेष्ठ समझते हैं और बाकी दुनिया को 'सिखाने' की जिम्मेदारी उठाते हैं।

'रियलिटी चेक जोन' में पहुंच चुका है यूरोप-डॉ. जयशंकर ने आगे कहा कि धीरे-धीरे यूरोप अब 'रियलिटी चेक जोन' में एंट्री कर चुका है। इसका मतलब है कि आज जब दुनिया बदल रही है और शक्तियों का संतुलन नया रूप ले रहा है, तो अब यूरोप को भी यह समझ आ रहा है कि सिर्फ उपदेश देने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा, अगर हमें मजबूत साझेदारी बनानी है तो कुछ समझ, संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों की पहचान जरूरी है। यह प्रक्रिया यूरोप के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग स्तर पर चल रही है। पहलगाम हमले पर ईयू के बयान से नाराज़गी-यह पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर यूरोपीय यूनियन ने एक बयान जारी किया। उस बयान को भारत ने 'एकतरफा' और 'सहानुभूति से रहित' बताया। यूरोपीय यूनियन ने अपने बयान में हमले की निंदा तो की, लेकिन उसमें पाकिस्तान या आतंकी नेटवर्क का जिक्र नहीं किया। भारत को यह रवैया केवल औपचारिक प्रतिक्रिया जैसा लगा, जिससे जयशंकर नाराज़ हो गए।

पहले भी यूरोप को दिखा चुके हैं आईना-डॉ. जयशंकर इससे पहले भी यूरोप को कई बार साफ शब्दों में जवाब दे चुके हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## शिरडी में साईं मंदिर को पाइप बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट मोड पर पुलिस

शिरडी, 4 मई (निस) शिरडी के साईं संस्थान में एक धमकी भरा मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। खबर है कि साईं बाबा मंदिर को पाइप बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिए साईं संस्थान को दी गई है। यह मेल अजीत जक्कुमोलला के नाम से साईं संस्थान को भेजा गया है और इसका आईपी एड्रेस कर्नाटक का बताया जा रहा है। साईं संस्थान को कल यानी 2 मई को धमकी भरा मेल मिलने के बाद साईं संस्थान ने सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट कर दिया है। स्थानीय पुलिस भी अलर्ट मोड पर है। बताया जा रहा है कि इस धमकी भरे मेल में मुख्य रूप से लिखा है कि पहले पहलगाम, फिर शिरडी। साथ ही लिखा है कि तमिलनाडु के जाफर सादिक और जाफर सईद को अपराध से बरी किया जाए। इस बीच संस्थान प्रशासन ने साईं संस्थान को मिले धमकी भरे मेल की पुष्टि की है और इस संबंध में शिरडी पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 351(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। साईं संस्थान ने यह भी स्पष्ट किया है कि साईं संस्थान की सुरक्षा, महाराष्ट्र पुलिस, एमएसएफ सुरक्षा को अलर्ट कर दिया गया है। यहां पर उल्लेखनीय है कि कुछ अरसा पहले भी इस मंदिर पर हमले की धमकी दी गयी थी।

## पारिवारिक विवादों में पिता ने ही कर दी अपने दो बच्चों की हत्या

धार 4 मई (निस) बच्चों को जन्म देने वाला पिता यदि उनका हत्यारा बने तब क्या कहे। सुनते ही मन विचलित हो जाता है। लेकिन धार में एक ऐसी ही घटना घटी है, जहां शैतान पिता ने अपने ही हाथों से अपने दो मासूम बेटों की हत्या कर दी।

र जिले से दिल दहला देने वाली खबर आते ही हड़कंप मच गया। ग्राम भंवरपुरा में एक पिता ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। पारिवारिक विवादों के कारण आरोपी पिता ने अपने ही मासूम बच्चों की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। घटना भंवरपुरा की है, जहां सिकदार भिलाला नामक व्यक्ति ने अपने तीन और चार साल के दो मासूम बेटों, आकाश और विकास की गला रेतकर हत्या कर दी।मृतकों की मां मंजू ने बताया कि उसके पति सिकदार ने पहले उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की, लेकिन वह किसी तरह अपने बड़े बेटे पंकज को लेकर भाग निकली। जब वह सुबह वापस लौटी, तब दोनों छोटे बेटे आकाश और विकास खून से लथपथ आंगन में मृत मिले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, आरोपी पिता सिकदार कों गिरफ्तार किया गया।

## पाकिस्तान पर आत्मघाती हमला करने को तैयार कर्नाटक का मंत्री जमीर अहमद खान, पीएम मोदी व शाह से मांगी इजाजत



बंगलौर 4 मई (निस) पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस जघन्य कृत्य की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली है। हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इस बीच कर्नाटक सरकार में आवास और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री जमीर अहमद खान का एक बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ आत्मघाती हमले के लिए खुद को भेजने की पेशकश की है।

मोदी और शाह से मांगी इजाजत-उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे केंद्र सरकार से पाकिस्तान में बम लेकर जाने की इजाजत मांगते दिख रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार को बेंगलुरु में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जमीर अहमद खान ने कहा, हम भारतीय हैं, पाकिस्तान हमारा कभी मित्र नहीं रहा। वह हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है। अगर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे इजाजत दें तो मैं पाकिस्तान जाकर जंग लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा, अगर देश के लिए मुझे आत्मघाती हमलावर भी बनना पड़े, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। मोदी और शाह मुझे बम दे दें, मैं उसे पहनकर पाकिस्तान जाऊंगा और हमला करूंगा। ये मज़ाक नहीं है, बल्कि एक मंत्री के तौर पर मेरी गंभीर पेशकश है। मंत्री खान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और इसे निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अमानवीय और बर्बर कृत्य बताया। उन्होंने बताया कि इस घटना में बचे कुछ पर्यटकों के अनुसार, आतंकियों ने लोगों से धर्म पूछकर कलमा पढ़ने को कहा और जो नहीं पढ़ पाए, उन्हें गोली मार दी गई।अहमद खान ने सभी भारतीयों से एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज़ उठाने की अपील की। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर और अधिक सख्ती बरतने की मांग की।

## रुस के कड़े तेवर, पाक से पूछा-शिमला समझौता भूल गए क्या




नई दिल्ली 4 मई (निस) जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में रूस ने मध्यस्थता का संकेत देते हुए भारत को समर्थन और संयम दोनों का संदेश दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताई और शिमला समझौता (1972) और लाहौर घोषणापत्र (1999) का हवाला देते हुए विवाद को शांति से सुलझाने की अपील की। रूस ने दोनों देशों को सीधे संवाद और कूटनीतिक हल अपनाने का सुझाव दिया है। डॉ. जयशंकर ने बातचीत की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- रूसी विदेश मंत्री लावरोव से पहलगाम हमले पर चर्चा हुई। इस हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। हमने द्विपक्षीय सहयोग पर भी बात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई । इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए हैं जिसके तहत सिंधु जल संधि को आंशिक रूप से निलंबित किया गया और अटारी बॉर्डर चेकपोस्ट बंद कर दी गई। पाकिस्तान नागरिकों के वीजा रद्द किए गए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की उड़ानों पर भारत का हवाई क्षेत्र सील कर दिया गया है और दोनों देशों ने उच्चायोगों में स्टाफ घटा दिया है। 29 अप्रैल को हुई हाई-लेवल मीटिंग में मोदी ने कहा कि सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई के लिए स्थान, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट दी गई है। पीएम मोदी ने कहा किआतंकवाद को जड़ से मिटाना भारत का संकल्प है।

## पहलगाम हमले की रिपोर्ट जल्द ही सरकार को सौंपेगी एनआईए

नई दिल्ली 4 मई (निस) : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) 22 अप्रैल को बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट बहुत जल्द एमएचए को सौंपी जाएगी। एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते की देखरेख में संकलित रिपोर्ट सबूतों पर आधारित है। इसमें करीब 150 गवाहों की गवाही, अपराध स्थल का 3डी रीक्रिएशन और साइट पर एकत्र कारतूसों का बैलिस्टिक विश्लेषण शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट बहुत जल्द एमएचए को सौंपी दी जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह सीमा पार से समन्वय के साथ एक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध हमला था। बेतताब घाटी में हथियार पहले से ही तैनात थे और क्षेत्र में ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) ने हमलावरों को निगरानी और आश्रय सहित रसद सहायता प्रदान की।

## दुश्मनों की नींद उड़ी: रुस ने दी भारत को इग्ला एस एयर डिफेंस की अत्याधुनिक मिसाइल



नई दिल्ली 4 मई (निस) : भारत की वायु रक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाते हुए भारतीय सेना को रूस से अत्याधुनिक इग्ला-एस एयर डिफेंस मिसाइलें प्राप्त हुई हैं। 250 करोड़ रुपये के विशेष रक्षा सौदे के तहत प्राप्त ये मिसाइलें अब अग्रिम मोर्चों पर तैनात की जा रही हैं, जिससे पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न खतरे का त्वरित और सटीक जवाब दिया जा सकेगा। इस समझौते को सेना की तत्काल परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अंजाम दिया गया है। सेना सूत्रों के अनुसार, इग्ला-एस मिसाइल प्रणाली विशेष रूप से लड़ाकू विमान, अटैक हेलिकॉप्टर और ड्रोन को नजदीकी दूरी से निशाना बनाने में सक्षम है। यह मिसाइल प्रणाली पाकिस्तान सीमा पर भारतीय सेना की वायु सुरक्षा को कई गुना मजबूत करेगी।

**कंधे से दागी जाने वाली बेहद घातक मिसाइल** - इग्ला-एस मिसाइल एक सैनिक द्वारा कंधे से दागी जा सकती है। इसकी इंटरसेप्शन रेंज 6 किलोमीटर तक है और यह अधिकतम 11,000 फीट की ऊंचाई तक अपने लक्ष्य को भेद सकती है। 10.8 किलोग्राम वजनी यह मिसाइल 2266 किमी/घंटा की रफ्तार से उड़ान भरती है। इसका पूरा सिस्टम 18 किलोग्राम वजनी होता है और इसकी नोक पर 1.17 किलोग्राम का विस्फोटक लगा होता है, जो टारगेट को पूरी तरह तबाह कर **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला का बयान, लोकल सपोर्ट के बगैर हमला नहीं हो सकता

श्रीनगर, 4 मई (निस) पहलगाम आतंकी हमले को लेकर जम्मू-कश्मीर में लगातार बयानबाजी जारी है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला



ने आतंकी हमले में लोकल सपोर्ट की बात कहकर नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने कहा, मैं नहीं समझता कि ये चीजें हो सकती है, जब तक कोई इनका साथ न दें। उधर अब्दुल्ला के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। महबूबा ने पोस्ट किया, फारूक जैसे वरिष्ठ कश्मीरी नेता का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी छात्रों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए खतरा बन सकता है। इतना ही नहीं इस बयान से कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिलेगा। दरअसल, पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 पर्यटकों की जान गई थी। फारूक पहलगाम हमले के मारे गए सैयद आदिल हुसैन शाह के घर पहुंचे।

फारूक ने पहलगाम हमले को सुरक्षा में चूक का मामला बताया। उन्होंने कहा, जब भारत ने मौलाना मसूद अजहर को छोड़ा (1999) था, तब मैंने कहा था, मत छोड़िए, लेकिन किसी ने मेरी बात मानी नहीं।

## मणिपुर आज भी हिंसा की पीड़ा झेल रहा, केन्द्रीय नेतृत्व समाधान की बजाए ओछी राजनीति में व्यस्त-कांग्रेस

### हिंसा के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-पीएम मोदी राजधर्म निभाने में नाकाम




नई दिल्ली 4 मई (निस) कांग्रेस ने मणिपुर में जारी हिंसा के दो साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाते हुए कहा कि यह पूर्वोत्तर राज्य आज भी पीड़ा झेल रहा है लेकिन कोई सार्थक समाधान तलाशने के बजाय राजनीतिक खेल खेला जा रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्य में आने का आज भी इंतजार है। मणिपुर में तीन मई 2023 को हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "आज से ठीक दो साल पहले मणिपुर में हिंसा की शुरुआत हुई थी। फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों में राज्य की जनता ने भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और उसके सहयोगियों को निर्णायक जनादेश दिया था, जिसके बाद यह आपदा उन पर हावी हो गई। उन्होंने दावा किया कि तीन मई 2023 को जो शुरू हुआ, वह राज्य में तथाकथित डबल इंजन सरकार का पटरी से उतरना था।उन्होंने कहा कि इसके तीन महीने बाद उच्चतम न्यायालय को यह कहने के लिए मजबूर होना पड़ा कि राज्य में संवैधानिक तंत्र पूरी तरह से नष्ट हो गया है। रमेश ने कहा कि राज्य विधानसभा में कांग्रेस द्वारा लाए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव को देखते हुए मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया और अंततः 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया। उन्होंने कहा, मणिपुर आज भी पीड़ा से गुजर रहा है। राजनीतिक खेल खेले जा रहे हैं। कोई सार्थक समाधान प्रक्रिया नहीं है। आंतरिक रूप से विस्थापित 60,000 से अधिक लोग भारी तनाव की स्थिति में राहत शिविरों में रह रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री मणिपुर से लगातार बचते रहे हैं।उन्होंने राज्य के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात नहीं की। वह पूरी दुनिया में घूम चुके हैं लेकिन उन्हें संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने और वहां के लोगों तक पहुंचने के लिए न तो समय मिला, न ही उनका इस ओर झुकाव है और न ही संवेदनशीलता। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मणिपुर का प्रबंधन आउटसोर्स किया है, लेकिन वह (शाह) पूरी तरह असफल साबित हुए हैं। रमेश ने कहा, "मणिपुर बेहतर स्थिति का हकदार है। मणिपुर के लोग अब भी इंतजार कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री इंफाल पहुंचें और इस खूबसूरत राज्य का दौरा कर लोगों के जख्मों पर मरहम लगाएं।

**प्रधानमंत्री राजधर्म निभाने में विफल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के 2 साल पूरे होने पर शनिवार को दावा किया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में आज भी हिंसक घटनाएं नहीं रुकी हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधर्म निभाने में एक बार फिर विफल रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि मणिपुर के लोगों के प्रति इतनी उदासीनता और तिरस्कार क्यों है तथा राजनीतिक जवाबदेही कहां है? मणिपुर में तीन मई, 2023 को हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए। मणिपुर में दो साल से हिंसा हो रही है...खड़गे ने 'एक्स पर पोस्ट किया, "मणिपुर में दो साल से हिंसा हो रही है, लेकिन प्रधानमंत्री के पैर वहां नहीं पड़े। हिंसा तीन मई, 2023 को शुरू हुई और अब भी जारी है। अभी **शेष अंतिम पृष्ठ पर**

## पंजाब, हरियाणा व दिल्ली एनसीआर में फिर आंधी व बारिश, अगले दो दिन का भी अलर्ट जारी



नई दिल्ली 4 मई (निस) रविवार को फिर से मौसम ने रुख बदला एवं पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर में तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हुई जिससे तापमान में फिर गिरावट दर्ज की गयी पंजाब हरियाणा में छह मई तक अलर्ट किया गया था जिसका असर रविवार को दिख गया शाम ढलते ही अनेक जगह तेज आंधी के साथ बारिश का कहर बरपा, बिजली भी चमकी।

**दिल्ली-एनसीआर** में बीते कुछ दिनों से चल रही तेज़ गर्मी से जूझ रहे लोगों को अब मौसम ने बड़ी राहत दी है। गुरुवार रात से शुरू हुई बारिश और शुक्रवार सुबह की रिमझिम फुहारों ने पूरे क्षेत्र में मौसम का मिज़ाज ही बदल डाला। आसमान में छाए बादलों और ठंडी हवाओं ने तापमान को गिरा दिया, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से छुटकारा मिला। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई, जिससे मौसम और भी सुहावना हो गया।

2 मई की सुबह से नोएडा और गाजियाबाद जैसे प्रमुख शहरों में तेज़ बारिश दर्ज की गई। इन इलाकों में आंधी के साथ-साथ तेज़ हवाएं चलीं, जिनकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंची। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए ओलावृष्टि की संभावना भी जताई है।

मौसम विभाग ने पूर्वांचल के कई जिलों में ओलावृष्टि और तेज़ बारिश की संभावना जताई है। इसमें आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर और अंबेडकरनगर जैसे इलाके शामिल हैं। इन जिलों में स्थानीय प्रशासन को सतर्क रहने और लोगों को सुरक्षित स्थानों में रहने की सलाह दी गई है।

**बिजली चमक और बादलों का डेरा**-पूर्वानुमान के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, अयोध्या और आसपास के जिलों में 40 से 60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इन इलाकों में घने बादलों के साथ बिजली की चमक और गरज-चमक के साथ बारिश भी हो सकती है।

क्या कहता है मौसम विभाग?-विभागके अनुसार, यह बदलाव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते हो रहा है। किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे अगले कुछ दिनों तक फसलों की कटाई या कोई भी कृषि कार्य स्थगित रखें।

# सम्पादकीय

## लक्ष्मी के आगे पराजित होती सरस्वती

अनादि काल से आज तक मां लक्ष्मी को धन की देवी और माँ सरस्वती को ज्ञान की देवी के रूप में पूजा की जाती है। भारत में कहावत है, जहां लक्ष्मी रहती है, वहां सरस्वती का वास नहीं होता है। जहां सरस्वती रहती है, वहां पर लक्ष्मी का वास नहीं होता है। सारी दुनिया के देशों में यह देखने को मिल रहा है। अब ज्ञान के स्थान पर पूंजी को महत्व दिया जा रहा है। विश्व के सभी देशों में इस समय धन की पूजा हो रही है। सत्ता में बैठे हुए लोग धन के पीछे भाग रहे हैं। जिसके कारण सरस्वती जी को जगह-जगह अपमानित होना पड़ रहा है। अमेरिका और भारत जैसे देशों में भी अब पूंजीवाद का प्रभाव सरकार और जनसामान्य के देखने को मिल रहा है। सत्ता में बैठे हुए लोग ऐसी किसी चुनौती को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं, जो उनके सत्ता के सफर में कठिनाई पैदा करें। जिसके फलस्वरूप विभिन्न देशों में शिक्षण संस्थानों को जो सहायता सरकारों द्वारा दी जा रही थी। उसे कम या बंद किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों से जो पढ़कर निकलते है। वह सरकार से जवाब-सवाल करने लगते है। जो सत्ता में बैठे लोगों को स्वीकार नहीं है। अमेरिका ने हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को जो टैक्स की छूट सरकार से मिलती थी, वह खत्म कर दी है। इसके पहले अमेरिकी सरकार द्वारा शोध के लिए जो सहायता यूनिवर्सिटी को दी जाती थी। वह पहले ही बंद कर दी गई थी यूनिवर्सिटी में जिस तरह से ज्ञानवान लोग आगे निकलते हैं। वह सरकार के लिए आगे चलकर कड़ी चुनौती बनते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने 02 मई 2025 को ऐलान कर दिया है, उनका प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की टैक्स छूट का दर्जा समाप्त करने जा रहा है। सरकार के इस कदम से विश्वविद्यालय के ऊपर कई गुना आर्थिक भार बड़ेगा। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई काफी मुश्किल और महंगी होगी। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में दुनिया भर के देशों से बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचते है। यह यूनिवर्सिटी विश्व भर में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अग्रणी है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस यूनिवर्सिटी के खिलाफ इस तरह का कदम उठाया है। इससे स्पष्ट है, कि पूंजीवादी सिद्धांत में, ज्ञान का कोई स्थान नहीं है। पूंजी से पूंजी बढ़ती है। ऐसा पूंजीपति मानते हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति भारत में भी पिछले कई वर्षों से देखने को मिल रही है। पिछले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक संस्थानों के शोध के लिए जो राशि दी जाती थी। उसे सरकारा द्वारा बंद या राशि कम कर दी गई है। यूनिवर्सिटी और शिक्षण संस्थानों की सहायता राशि में लगातार कटौती हो रही है। पढ़ने वाले छात्रों की फीस बढ़ा दी गई है। भारत के शिक्षण संस्थानों में एक विचारधारा विशेष के ही लोगों को, शिक्षण संस्थानों में विशेष संरक्षण दिया जा रहा है। भारत के शिक्षण संस्थान पिछले वर्षों में आर्थिक रूप से लगातार कमजोर किए गए हैं। उन्हीं शिक्षण संस्थानों को आगे बढ़ाया जा रहा है, जो सरकार की विचारधारा के अनुसार काम कर रहे हैं। भारत में शिक्षा प्राइवेट सेक्टर में बढ़ रही है। प्राइवेट सेक्टर की फीस में युवाओं को शिक्षित किया जा रहा था। अब उसकी फीस भी कई गुना बढ़ा दी गई है। यही कहा जा सकता है। कभी भी लक्ष्मी और सरस्वती एक साथ नहीं रहती हैं। सरकारों में जो नेता दुनिया के देशों में बैठे हुए हैं। पूंजीवादी व्यवस्था में ज्ञान का कोई स्थान नहीं है। शिक्षण संस्थानों को कमजोर किया जा रहा है। यह वास्तविक रूप से दिख रहा है। यह कब तक चलेगा, लक्ष्मी और सरस्वती के बीच में समन्वय बनेगा या नहीं, इसको लेकर आमजनों में चिंता बढ़ने लगी है।

## संत की उदारता

संत बेनजोई के पास कई बालक शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। वह अपने सभी शिष्यों की शिक्षा पूर्ण करने के बाद ही उन्हें वहां से जाने की अनुमति देते थे। वह उद्दंड व शरारती शिष्यों को भी आज्ञाकारी और संस्कारी बनाकर ही दम लेते थे। एक बार उनके आश्रम में बहुत ही शरारती और बदतमीज लड़का आया। एक दिन वह चोरी करते हुए पकड़ा गया। बेनजोई ने उसे चोरी की बुराइयों से अवगत कराया और क्षमा कर दिया, लेकिन वह लड़का इतना बिगड़ैल था कि उस पर बेनजोई की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उसने दोबारा चोरी की और एक शिष्य को बेवजह पीट दिया। यह शिकायत बेनजोई तक पहुंची तो उन्होंने उसे फिर बुलाकर प्रेम से समझाया और एक बार फिर क्षमा कर दिया। यह देखकर आश्रम के अन्य शिष्य आगबबूला हो गए। शाम की प्रार्थना के समय सभी शिष्य एकजुट होकर बोले, गुरुजी, यह बार-बार चोरी करता रहेगा, हमें पीटता रहेगा और आप उसे क्षमा करते रहेंगे। यह कैसा न्याय है? यदि आप इसे आश्रम से नहीं निकाल सकते तो हम सभी यह आश्रम छोड़कर चले जाते हैं। इस पर बेनजोई विनम्रता से बोले, मैंने माना कि तुम सब अच्छे हो, संस्कारी हो। कभी किसी कुसंग में न रहने के कारण दुष्कर्मों से दूर हो। यह अबोध किशोर अपने दुर्व्यसनी पिता और भाइयों द्वारा ठुकराया हुआ है। इसे मैं सुधारने, संस्कारित करने के उद्देश्य से यहां लेकर आया हूं। मुझे यह भी मालूम है कि तुम यदि इस आश्रम से चले गए तो अन्य किसी शिक्षक से शिक्षा प्राप्त कर सकते हो, किंतु इस बिगड़ैल लड़के को कौन अपने यहां रखेगा? इसे सुधरने का मौका कैसे मिलेगा? वह किशोर भी यह सब सुन रहा था। उसकी आंखें भर आईं। वह उनसे क्षमा मांगते हुए बोला, गुरुजी, मुझे माफ कर दीजिए। फिर कभी आपको शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। उसने अन्य शिष्यों से भी माफी मांगी।

# विश्व बाजार में बढ़ती रुपए की ताकत एवं भारत में बढ़ता विदेशी मुद्रा भण्डार

**-प्रहलाद सबनानी**

दिनांक 7 फरवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत सबसे निचले स्तर अर्थात 87.44 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई थी। इसके बाद धीरे धीरे इसमें सुधार होता हुआ दिखाई दिया है एवं अब दिनांक 30 अप्रेल 2025 को यह 84.50 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। वहीं दिनांक 18 अप्रेल 2025 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ 68,610 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और यह दिनांक 27 सितम्बर 2024 के उच्चतम स्तर 70,489 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के बहुत करीब है। भारतीय रुपए की मजबूती एवं विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ऐसे समय में हो रही है जब विश्व के समस्त देश अमेरिकी प्रशासन के टैरिफ युद्ध का सामना करते हुए संकट में दिखाई दे रहे हैं। परंतु, भारत पर टैरिफ युद्ध का असर लगभग नहीं के बराबर दिखाई दे रहा है। यह भी सही है कि हाल ही के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ा है और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स लगभग 109 के स्तर से नीचे गिरकर दिनांक 30 अप्रेल 2025 को 99.43 के स्तर पर आ गया है। शायद अमेरिका भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को कम करना चाहता है ताकि अमेरिका में आयात महंगे हों एवं अमेरकी निर्यातकों को अधिक लाभ पहुंचे। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव के बढ़ने से सोने की कीमतों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है और यह दिनांक 22 अप्रेल 2025 को अपने उच्चतम स्तर 3500 अमेरिकी डॉलर प्रति आउन्स पर पहुंच गई थी। साथ ही, अमेरिकी शेयर बाजार भी धराशायी हुआ है और डाउ जोंस एवं अन्य इंडेक्स में भारी गिरावट दर्ज हुई है। अब ऐसा आभास हो रहा है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध छेड़े गए टैरिफ युद्ध का विपरीत असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रुपए के मजबूत होने के चलते भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार पुनः अपना निवेश बढ़ाने लगे हैं एवं पिछले लगातार 8 दिनों से इन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में शेयरों की भारी मात्रा में खरीद की है। जबकि, सितम्बर 2024 के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार अपना निवेश निकाल रहे थे और इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री भारतीय शेयर



बाजार में की है। जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी इंडेक्स में लगभग 3500 अंकों की भारी गिरावट दर्ज हुई थी। परंतु, भारतीय संस्थागत निवेशकों, भारतीय म्यूचअल फण्ड एवं खुदरा निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाकर भारतीय पूंजी बाजार को सम्हालने में मदद की है अन्यथा भारतीय शेयर बाजार क्रेश हो गया होता। परंतु, अब भारतीय शेयर बाजार में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है एवं अब एक बार पुनः यह आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही के समय में निफ्टी इंडेक्स में लगभग 1500 अंकों की वृद्धि दर्ज हुई है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के विदेशी व्यापार में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विभिन्न देशों को भारत से निर्यात 5.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 82,093 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं वहीं अन्य देशों से भारत में होने वाले आयात 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,519 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि दर अधिक रही है जिसके चलते भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 9,426 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। व्यापार घाटे के बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बढ़ा और रुपया कमजोर हुआ। भारत में कच्चे तेल एवं स्वर्ण का आयात भारी मात्रा में होता है। मुख्य रूप से इन्हीं दो मदों की कीमतें भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ीं थी, जिसका प्रभाव भारत में अधिक आयात के रूप में दिखाई दिया है। परंतु, अब हर्ष की बात है कि कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल से घटकर लगभग 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल पर नीचे आ गई है और स्वर्ण के महंगे होने के चलते स्वर्ण का आयात भी कुछ कम हुआ है। उक्त दोनों घटनाओं के परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होता हुआ दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है। जबकि यूरोप के कुछ देशों यथा जर्मनी, कनाडा आदि एवं ब्रिटेन तथा अमेरिका में मंदी की सम्भावनाएं स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही हैं। अमेरिका में तो वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में आर्थिक विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। लगभग यही हाल यूरोप के कई देशों तथा जापान आदि का है। चीन की आर्थिक विकास दर में भी गिरावट आती हुई दिखाई दे रही है। यदि जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में वर्ष 2025 एवं 2026 में गिरावट दर्ज होती है और भारतीय अर्थव्यवस्था 6 प्रतिशत की विकास दर हासिल कर लेती है तो बहुत सम्भव है कि वर्ष 2025 में जापान एवं वर्ष 2026 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व में अमेरिका एवं चीन के बाद तीसरे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ने के पीछे भारत की आंतरिक मजबूती मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई दे रही है। भारत में अभी हाल ही में महाकुम्भ मेला सम्पन्न हुआ है, इस महाकुम्भ में लगभग 66 करोड़ भारतीय मूल के नागरिकों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी मात्रा में नागरिकों के यहां पहुंचने से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल ही मिला है। महाकुम्भ में भाग ले रहे प्रत्येक नागरिक ने औसत रूप से यदि 2000 रुपए भी प्रतिदिन खर्च किए हों और प्रत्येक नागरिक ने औसतन कुल तीन दिवस भी महाकुम्भ में बिताएं हों तो भारतीय अर्थव्यवस्था को 396,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त लाभ पहुंचा है। रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हुए हैं, यह अलग लाभ रहा है। आधारभूत सुविधाओं को विकसित किया गया जिसका लाभ आने वाले कई वर्षों तक देश को मिलता रहेगा। देश में धार्मिक पर्यटन भी भारी मात्रा में बढ़ा है जिसका प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत अच्छे रूप में दिखाई दे रहा है।

# भारतीय सेना की हलचल देख पाक के मंत्रियों की नींद उड़ी

**किशन सनमुख़दास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ देख रही है कि पहले से ही दो जंगों नें पूरी दुनियाँ को डिस्टर्ब कर दिया है, और अब तीसरी जंग शुरू होने के मुहाने पर खड़ी है, जैसे उन दोनों जंगों में दुनियाँ बटी हुई नजर आ रही है, तो इस होने वाली नई जंग में भी संभवतः कुछ देश बटे होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि इस तीसरी जंग को ऑपरेशन बदला ? का नाम दिया जा सकता है, अनेक विकसित देशों ने खुलकर समर्थन किया है, और यहां तककि चीन नें भी आतंकवाद के खिलाफ़ खड़े होने की बात कही गई है।सभी पाठक जानते होंगे कि यह जंग भारत- पाकिस्तान की है जो 36 घंटे में शुरू होने हो सकती हैँ,जिसका अंदेशा पाक़ सूचना व प्रसारण मंत्री ने लगाया है। यह युद्ध आतंकवाद के खिलाफ एक रोल मॉडल होगा, जो घर में घुसकर आतंकवादियों के अड्डे नेस्तनाबूत करने का लक्ष्य हो सकता है, जिसकी तैयारी क़रीब-क़रीब पूर्ण हो चुकी है।जो पीएम की सभी मीटिंग्स में तीनों अंगों की सेनाओं के अध्यक्ष, विदेश मंत्री रक्षामंत्री से बैठक हो चुकी है।सेना को फ्री हैंड का आदेश दिया जा चुका है। बता दें यह सब पहलगाम हमले का जवाब देने की रणनीति के अंतर्गत है,जिसकी अनेक देशों ने निंदा की थी व आतंकवाद के खिलाफ भारत को साथ देने की बात कही थी,चूँकि भारत की धड़ाधड़ रक्षा तैयारीयाँ, मीटिंग्स, एलओसी से डरा पाकिस्तान, बचाव में जुटा,36 घंटे में हमले या सर्जिकल स्ट्राइक कीसंभावना है?तथा भारतीय सेना और रक्षा विभाग की तैयारीयों को देखकर पाकिस्तान के होश उड़े, सूचना प्रसारण मंत्री ने भारतीय हमले की 36 घंटे की डेडलाइन निर्धारित की हैँ ऐसी जानकारी मीडिया से आ रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन बदला? पाक में दहशत,मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंसड्ढ मिडनाइट भारत तैयार बनाम पाक में हाहाकार। साथियों बात अगर हम ऑपरेशन बदला की बात करें तो बहुत ही भयानक कार्रवाई के संकेत मिल रहे हैं!भारत पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए सैद्धांतिक तौर पर तैयार हो चुका है। जिस तरह से मंगलवार को पीएम ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों और चीफ और डिफेंस स्टाफ के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में बैठक की है और उन्हें इस मामले में हर तरह की कार्रवाई की खुली



छूट दी है, उससे अब यह सिर्फ समय की बात रह गई है कि एक्शन कब शुरू होता है। खासकर राजनीतिक नजरिए से देखें तोआरएसएस के प्रमुख का पीएम से मिलने के लिए उनके आवास पर जाना भी बहुत अप्रत्याशित है। इससे यह भी संदेश मिल रहा है कि जो भी एक्शन होगा, उसका प्रभाव बहुत ही तगड़ा होने जा रहा है और उसी लाइन के मुताबिक रहने वाला है, जिसका संकेत खुद पीएम दे चुके हैं। पहले वाले टारगेट को ध्वस्त करने वाला ऑपरेशन कुछ उसी तरह से करना होगा, जिस तरह से अमेरिका ने पाकिस्तान में छिपे अल-कायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन को मौत की नींद सुलाने के लिए किया था। भारत इस तरह के टारगेट को साधने के लिए सतह से लेकर नियंत्रण रेखा के काफी अंदर घुसकर पीओके और यहां तक कि पाकिस्तान में भी वार कर सकता है। जहां तक कमांडो ऑपरेशन की बात है तो यह लॉन्च पैड को मिटाने के लिए किए जा सकते हैं। इस तरह के सर्जिकल स्ट्राइक में हमारे जवान पहले काफी सफल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान या पीओके के ज्यादा भीतर वाले आतंकी ठिकानों या उनके आकाओं को मारने के लिए लंबी-दूरी की मिसाइल से लेकर हवाई हमले तक का विकल्प हो सकता है।लेकिन, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद पाकिस्तान के करीब 80 किलोमीटर अंदर हुई एयरस्ट्राइक के बावजूद कुछ वर्षों में आतंकी संगठनों ने बहुत बड़ी हिमाकत करके दिखाया है। इसलिए, हो सकता है कि हमारी सेना सभी तरह के विकल्पों का इस्तेमाल एक साथ कर दे,ताकि आतंकियों और उनके आकाओं को किसी बिल में छिपने का भी मौका न मिले। क्योंकि,भारत ने जो संकल्प लिया है, उसे दुनिया भर के ज्यादातर देशों का समर्थन हासिल है। पाक को भी मालूम है कि इस बार वह आतंकियों और उनके सरगनाओं को बचा नहीं सकता। इसलिए भारतीय हमले की बात खुद वहां की सरकार के लोग मान रहे हैं। हमला होकर रहेगा और हमें सिर्फ इंतजार इस बात का करना है कि यह कितना भयानक होता है? साथियों बात अगर हम उच्च स्तरपर लगातार चली बैठकों में तथा पाक सूचनाप्रसारण मंत्री के 24-36 घंटों में हमले को चार पॉइंटस में समझने की करें तो, जिस तरह की फोटोज पीएम की मीटिंग की आई है जिसमें सेना और खुफिया विभाग के अफसरों के साथ महत्वपूर्ण मंत्रालयों के मंत्री भी बैठे हैं लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है,दूसरे दिन पीएम राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति यानी सीसीपीए और कैबिनेट की सुरक्षा समिति यानी सीसीएस की बैठक भी की, उससे पाक के सूचना मंत्रीने दावाकिया है कि पक्की खुफिया जानकारी है कि अगले 24 से 36 घंटे में भारतीय सेना का अटैक होने वाला है। जो भी हो इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि पहलगाम के कातिलों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। (1) - पाक लंबे समय से अपनी परमाणु क्षमता को भारत के खिलाफ एक रणनीतिक हथियार के रूप में प्रस्तुत करता रहा है, पहलगाम अटैक के बाद पाकिस्तानी नेता बार-बार कह रहे हैं कि उनका अस्तित्व खतरे में पड़ा तो वह परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकते हैं, यह न्यूक्लियर गुब्बारा पाक की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह भारत को सैन्य कार्रवाई से रोकने के लिए परमाणु युद्ध की धमकी देता है, पर भारत ने जिस तरह अपनी सेना को फ्री हैंड दिया है उसका साफ मतलब है कि पाक परमाणु युद्ध की धमकी का भारत पर कोई असर नहीं है, पाक के रक्षा मंत्री ने रॉयटर्स को बताया कि यदि भारत ने सैन्य हस्तक्षेप किया, तो पाक सभी विकल्प खुले रखेगा, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, लेकिन भारत की सैन्य ताकत, कूटनीतिक रुख, और अतीत की कार्रवाइयों - जैसे 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट हवाई हमले-ने पाकिस्तान की इस धमकी को कमजोर किया था, भारत ने इस बार भी स्पष्ट कर दिया है कि वह परमाणु युद्ध की धमकी से डरने वाला नहीं है, और उसकी कार्रवाइयाँ नियंत्रित,लक्षित, और प्रभावी होंगी (2)-पीएम की सेना को फ्री हैंड देने की घोषणा का मतलब है कि अब भारतीय सेना आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगी, यह स्वायत्तता तकनीकी और सामरिक स्तर पर है, जिसमें सेना को यह तय करने की आजादी है कि कब, कहां, और कैसे कार्रवाई करनी है, यह नीति पहलगाम हमले के जवाब में आई, जिसे भारत ने पाक - आधारित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जोड़ा है, फ्री हैंड का अर्थ यह नहीं है कि सेना पाक की तरह

# देश में बढ़ते नशे के लिए सरकार को दोष मत दीजिए

**ठाकुर दलीप सिंह जी**

भारतवासियो, नशे के व्यापार के लिए व नशे से होने वाले नुकसान के लिए; किसी भी पार्टी की सरकार को तथा सरकारी अधिकारियों को दोषी मत ठहराइये। नशे का उपयोग जनता करती है तथा नशे का व्यापार भी जनता ही करती है; तभी ही नशा बिकता है। यदि जनता नशे का उपयोग ही नहीं करेगी, तो नशे का व्यापार भी नहीं होगा। सरकार बेचना चाहे या बिकवाना भी चाहे; तब भी नशा नहीं बिकेगा, क्योंकि, जनता नशा नहीं करती। जनता कौन है? आप और हम– या, वह सभी जो स्वयं नशा करते हैं, नशे का व्यापार करते हैं या नशे के व्यापार से जाने-अनजाने में लाभ लेते हैं। जनता का स्वभाव ऐसा है; नशे का आनंद ले कर, नशे के व्यापार से लाभ ले कर– बाद में उसका दोष राजनीतिज्ञों, या सरकारी अधिकारियों व पुलिस वालों पर थोप देते हैं।

सरकार कौन है? सरकार– कुछ मनुष्यों का वह समूह है; जो आप जनता में से ही (कुछ लोग) चुन कर बनी हुई है। सरकार, समाज का प्रबंध करने वाला, जनता का ही एक छोटा-सा सक्रिय भाग है। किसी भी पार्टी की सरकार– किसी दूसरे गृह से नहीं आई, और किसी प्रकार का कोई प्रेरित यंत्र भी नहीं; जो कोई कला मरोड़ कर, जनता



को सुधार सके तथा नशे का व्यापार बंद करवा सके।

दूसरी बात– नशा बनाने वाले तथा नशे का व्यापार करने वाले; किसी और गृह से नहीं आते। वह हमारे ही सगे संबंधी व मित्र हैं। विशेष बात– यदि, नशा करने की 'हानि' जनता को पहुंचती है; तो नशे की फैक्ट्री व उस के व्यापार का 'लाभ' भी तो जनता को ही पहुंचता है। इस कारण, नशे के उपयोग का, नशे के कारोबार का; जो हानि या लाभ जनता को होता है– उस के लिए जनता ही उत्तरदाई है। उस का अच्छा या बुरा फल भी, जनता ही भुगत रही है। नशे के उपयोग तथा व्यापार के लिए, केवल सरकार ही जिम्मेवार नहीं; जनता भी जिम्मेवार है। नशा समाप्त करने के लिए, सरकार से कोई आशा मत कीजिए। और, नशे का व्यापार रोकने में असफल रहने के कारण; सरकार को दोष भी मत दीजिए, अपने को दोष दीजिए। चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो। जनता के सामने प्रत्येक पार्टी की सरकार असहाय है। वास्तव में, जनता ही नशा करना नहीं छोड़ती तथा नशे का व्यापार बंद भी नहीं करवाना चाहती; तभी ही नशा बिकता है। नशा वैध है या अवैध है; परंतु नशा तो नशा ही है। वैध तथा अवैध नशा– दोनों ही हमारे स्वास्थ्य तथा समाज के लिए हानिकारक हैं।

इस लिए, मेरी विनती को प्रवान करते हुए, नशे के व्यापार के लिए, सरकार को दोष न दें; अपने आप को सुधार कर, अपने सगे संबंधियों, मित्रों में प्रचार कीजिए और उन को प्रेरित कीजिए हमें नशे का उपयोग नहीं करना। नशे का व्यापार नहीं करना। यदि जनता नशे का उपयोग करना छोड़ देगी, नशे का आनंद लेना छोड़ देगी, नशे का व्यापार करना छोड़ देगी; तो सरकार के बिना ही, नशे का उपयोग/व्यापार; अपने आप ही बंद हो जाएगा। यदि जनता नशा करना बंद नहीं करेगी, तो सरकार नशे को किसी भी प्रकार से समाप्त नहीं कर सकती। इस कड़वी सच्चाई को प्रवान कीजिए।

# जेसीआई फोर्ट ने-15 एशियाई चैंपियनशिप बॉक्सिंग जॉर्डन से जीत के आई हांसी शहर के गांव कुम्भा की बेटी सुनैना किया भारी स्वागत : सर्वेश सैनी

**हांसी, 4 मई ( मनमोहन शर्मा ):** जेसीआई हांसी फोर्ट के सभी सदस्यों ने मिलकर -15 एशियाई चैंपियनशिप बॉक्सिंग जॉर्डन से जीत के आई हांसी शहर के गांव कुम्भा की बेटी सुनैना को जेसीआई चौक पर पटकों से और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आने वाले टाइम में और भी बेटियां यूं ही मेडल जीत के आए इसके लिए जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान जैसी सर्वेश सैनी ने कहा कि जेसीआई फोर्ट टाइम टाइम पर सभी बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उनको सम्मानित करती है और चाहती है कि हांसी शहर से और भी अच्छे-अच्छे खिलाड़ी निकले आज के दिन खिलाड़ी खिलाड़ी नहीं रहा वह अपना भविष्य भी इसी में चुन रहा है आज के दिन खेलो में पूरे जीवन का भाग्य है भारत सरकार और हरियाणा सरकार मिलकर गोल्ड मेडलिस्ट बच्चों को अच्छी-अच्छी नौकरियां दे रही हैं और करोड़ों में रुपए दे रही हैं जिससे कि वह आने वाले जीवन में अपना जीवन यापन कर सके डीएसपी लेवल की नौकरियां दे रही है और बच्चों को भी इसे शिक्षा लेनी चाहिए और हांसी हरियाणा व भारत के लिए खेले ज्यादा से ज्यादा मैडल आएगे तो पूरे विश्व में भारत का पूरा नाम चमकेगा कल भी शहीद भगत सिंह अकैडमी हांसी की लड़की भी जॉर्डन से गोल्ड मेडल जीत के लेकर आई छवि काली रामन सिसाए पुत्री दीपक काली रामन जो आजकल हांसी के हुड्डा सेक्टर 6 में रह रहे हैं को जेसीआई हांसी फोर्ट ने शहीद भगत सिंह अकैडमी में जाकर सम्मानित किया और आज यहां जेसी आई चौक पर आकर सुनैना कुंभा को सम्मानित कर रही है। जेसीआई हमेशा जीत कर आने वाले सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाती है व सम्मान करने को ततपर तैयार रहती है और खिलाड़ियों को जीवन में जहां भी किसी भी काम में कमी आई तो वह भी तत्पर पूरा करने के लिए तैयार रहती है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद से समाजसेवी कमलेश गर्ग जी ने कहा कि आजकल खिलाड़ी पूरे भारत में अपना परचम लहरा रहे हैं भारत वर्ष खिलाड़ियों का देश बन गया है और कॉमनवेल्थ गेम में भी भारत का पायदान बहुत ऊपर आया हुआ है आने वाले टाइम में खिलाड़ी और भी ऊंचाइयां छुएंगे और भारत का नाम रोशन करेंगे जेसीआई फोर्ट जैसी संस्थाएं और भारत विकास परिषद जैसी संस्थाएं खिलाड़ियों का हमेशा सम्मान करती है व और भी बच्चों को संदेश देती है कि वह भी ज्यादा से ज्यादा खेल कर अपना भाग्य सुधारे और हांसी शहर और हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन करें इस दौरान वहां पर जेसी सुरेंद्र महादेव फ्लेक्स वाले जेसी अनिल तनेजा कमलेश गर्ग भारत गुप्ता जी संजय सिंगला किरण बामल नवीन कौशिक और बहुत से गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# रमेश कुमार बने सरकारी/अर्धसरकारी तकनीकी वाहन चालक संघ के प्रधान

**मीटिंग से पहले पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि**

**करनाल, 4 मई ( रविन्द्र मलिक ):** सरकारी/अर्धसरकारी तकनीकी वाहन चालक संघ की जिला करनाल कार्यकारिणी का चुनाव पंचायत



भवन में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान दिनेश कुमार ने की व मंच संचालन प्रांतीय महासचिव सेवाराम बड़सर ने किया। मीटिंग की शुरूआत में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। चुनाव प्रक्रिया में संघ के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ चालक नरेश भारद्वाज ने नई कार्यकारिणी में शामिल 11 पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनियुक्त मुख्य सलाहकार सेवाराम बड़सर ने कहा कि चालकों की समस्याओं का हल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। समय-समय पर चालकों से संपर्क करके उनके समक्ष खड़ी चुनौतियों का एजेंडा तैयार किया जाएगा। नई कार्यकारिणी में रमेश कुमार को सर्वसम्मति से जिला प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके अलावा रघुबीर ढुल को सचिव, सुभाष चंद्र को कैशियर, सुरेश नरवाल को वरिष्ठ उपप्रधान, संजीव कुमार को उपप्रधान, प्रमोद कुमार को सह सचिव, बलविंद्र ढुल को संगठन सचिव, प्रवीण कुमार को प्रेस सचिव, रविंद्र पाल को ऑडिटर, दिनेश कुमार को चेयरमैन व सेवाराम बड़सर को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। नए पदाधिकारियों ने ईमानदारी और निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राकेश कुमार, सुलतान सिंह, सुभाष चंद्र गुरेंद्र, रोहताश, सुभाष, रणधीर व सतीश कुमार मौजूद रहे।

# खेल प्रतियोगिताओं से बढ़ता है बच्चों का मनोबल : रजनी शर्मा

*अपोलो इंटरनैशनल स्कूल दादूपुर खुर्द में खो-खो तथा क्रिकेट मैच आयोजित*

**तरावड़ी, 4 मई ( छाया शर्मा ):** अपोलो इंटरनैशनल स्कूल दादूपुर खुर्द में खो-खो तथा क्रिकेट मैच इंटर हाउस कंपटीशन हुआ। मैच की



शुरुआत में दोनों टीमों के बच्चों का परिचय और स्वागत किया गया। क्रिकेट में चैंपियन टीम ने टॉस जीता। स्कूल की दोनों टीमों के बच्चों टीम अचीवर तथा टीम चैंपियन ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कक्षा 8वीं से 12वीं तक के प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया। कक्षा नौंवी के अंगद को मैन ऑफ द मैच चुना गया तथा लिखित चौधरी को बेस्ट बॉलर चुना गया। टीम चैंपियन विजेता रही। कक्षा छठी से सातवीं तक के प्रतिभागियो में टीम चैंपियन से आरव मैन ऑफ द मैच रहा। कक्षा सातवीं से 12वीं तक की लड़कियों में प्लाक्षा विनर ऑफ़ द टीम रही। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के खो-खो मैच ग्रुप में टीम अचीवर विजेता रही। खो खो मैच में टीम अचीवर से नमन बेस्ट रनर रहा तथा चैंपियन से तेजस बेस्ट रनर रहा। मिस्टर वरूण व मुकेश शर्मा टीम के कोच रहे। मैच बहुत ही रोमांचकारी रहा। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी तथा बच्चों को खेल के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि खेल से हमारा सामाजिक एवं मानसिक विकास होता है। अतः पढ़ाई के साथ साथ खेलों को भी महत्व देना चाहिए। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अंत में राष्ट्रगान के साथ मैच का समापन हुआ।

# सच्चाई, ईमानदारी, पॉजिटिविटी एवं पवित्रता फाउंडेशन के मूलमंत्र : अरोड़ा

## *एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का सेमिनार आयोजित*

**करनाल, 4 मई ( संदीप रोहिला ):** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर्स मीट का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन लगातार आठ वर्षों से भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन के विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी एवं सदस्य अपने राज्यों के विभिन्न जिलों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाकर देश में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन सच्चाई, ईमानदारी, पॉजिटिविटी एवं पवित्रता के रास्ते पर चलकर देशसेवा के उद्देश्यों की पूर्ति कर रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले टीम लीडर्स को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाता है। इस विशेष अवसर पर टॉप लीडर अवॉर्ड से खुर्शीद आलम, रेनू शर्मा, एन डी गोयल, सुदर्शन कंसल, रिछपाल सिंह, प्रियंका राजीव गोयल, दीपा खन्ना, सुमित ललित, विनोद कुमार, शशि शर्मा, इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, सुषमा पंवार, विक्रमजीत सिंह, पूजा गोयल, अखिलेश शर्मा, आयुष खन्ना, गुलफान, नजरीन, सुरेश, निशु राघव, शहजाद सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश कौल, प्रधान शाम कपूर, नितिन गोयल, गुंजन भटनागर, संजय भटनागर आदि उपस्थित रहे।




# जिला की मंडियों में 8 लाख 5 हजार 120 मीट्रिक टन गेहूं की आवक



**करनाल, 4 मई ( सोनी दुआ ):** डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक निरंतर जारी है। मंडियों में गेहूं की आवक के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे और मंडी में खरीद व्यवस्था सुचारू ढंग से चल रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार तक जिला में करीब 8 लाख 5 हजार 120 मीट्रिक टन गेहूं की आवक विभिन्न परचेज सेंटरों व मंडियों में हुई जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 448770 मीट्रिक टन तथा हैफेड द्वारा 331119 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 25231 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। मंडियों से गेहूं उठान तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं।

# खाटू श्याम संकीर्तन जैसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा को प्रोत्साहित करते हैं : कैलाश सैनी

**बाबैन, 4 मई ( राजेश कुमार ):** बाबैन में हिंदी प्राध्यापक ओमप्रकाश मेहरा के रिटायर्ड होने के मौके पर भक्तिभाव से ओतप्रोत हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम जी का संकीर्तन बड़े धूमधाम से किया गया। इस संकीर्तन में क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में भाग लिया और श्याम बाबा के भजनों पर झूमते हुए भक्ति में लीन हो गए। इस पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने आयोजक ओमप्रकाश मेहरा की सराहना करते हुए कहा कि सरकार भी धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों को सदैव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। कैलाश सैनी ने कहा कि खाटू श्याम जी के नाम का संकीर्तन मानव को आत्मिक शांति और सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मैं हिंदी प्राध्यापक ओमप्रकाश मेहरा के रिटायर्ड होने उन्हें बधाई देता हूँ कि जिन्होंने इतनी सुंदर व्यवस्था के साथ यह मनमोहक आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान खाटू श्याम जी के संकीर्तन के संवालक अनिल शर्मा और उनके साथ प्रसिद्ध भजन गायक गोरव ने खाटू श्याम जी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे समूचा वातावरण भक्ति भाव से भर गया जिससे श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और पूरा परिसर श्याम नाम की जय के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया था, जहां फूलों की सजावट और श्रद्धालुओं की श्रद्धा ने माहौल को अलौकिक बना दिया। कार्यक्रम का समापन आरती और महाप्रसाद के वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर मंडल प्रधान विकास शर्मा, सरपंच संजीव सिंगला, जितेंद्र गर्ग, योगेश मेहरा, भीम बेरथला, रिंकु कश्यप, बख्तावर सिंह, मेजर सिंह, अनिल टाटकी, राम कुमार, विजेंद्र शर्मा, रामऋषि सैनी, चंद्रकांता व अनेक गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# कर्मचारियों ने बैठक कर जताया सरकार के तानाशाही रवैये का विरोध

**करनाल, 4 मई ( रविन्द्र मलिक ):** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बैठक कर्ण पार्क में हुई। बैठक में आयुष विभाग



में कार्यरत पार्ट टाइम कर्मचारियों के साथ चर्चा करने के बाद आयुष विभाग करनाल इकाई का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीर सिंह कैमला ने की व संचालन पूर्व जिला सचिव बलविंद्र सिंह ने किया। इस दौरान जिला सचिव दीपक कुमार, कैशियर बलकार सिंह, राज्य कमेटी से वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार व कैथल से रामकरण मौजूद रहे। कच्चे व पक्के कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सरकार के तानाशाही रवैये पर विरोध जताया गया। आयुष विभाग करनाल इकाई में कुलदीप सिंह को प्रधान बनाया गया है। सुभाष चंद को वरिष्ठ उपप्रधान विकास राणा को उपप्रधान, मीना देवी को महिला उपप्रधान, बलविंद्र सिंह को सचिव, धर्मेंद्र कुमार को कैशियर, संजीव कुमार को सहसचिव, सुंदरलाल को संगठन सचिव, सुमन देवी को ऑडिटर व बीर सिंह को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। बैठक में मीना देवी, महिंद्रो देवी, सुनीता, सुमन, बलकार सिंह, शिव कुमार, रामकरण, दीपक कुमार, कुलदीप सिंह, ईश्वर सिंह, सुंदरलाल, धर्मेंद्र, सुभाष, बीर सिंह, कर्म सिंह, विकास, कर्मजीत, मोहनलाल, संजीव, महेंद्र सिंह, बलबीर, जयभगवान, सतीश, सुदेश व विकास मौजूद रहे।

# डाक विभाग ने ज्ञान पोस्ट सेवा शुरु की- शैक्षणिक और सांस्कृतिक सामग्री की आसान और सस्ती डाक सुविधा

**यमुनानगर, 4 मई ( दिनेश कुमार ):** अम्बाला मंडल डाकघर के प्रवर अधीक्षक विजय चौहान ने बताया कि भारत सरकार के संचार मंत्रालय (डाक विभाग) ने 1 मई 2025 से एक नई डाक सेवा ज्ञान पोस्ट का शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि यह सेवा छात्रों, शिक्षण संस्थानों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस सेवा के अंतर्गत पुस्तकें एवं शिक्षण सामग्री कम दरों पर भेजी जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि यह सेवा विशेष रूप से उन पुस्तकों के लिए है जो सरकार से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोर्डों, विश्वविद्यालयों एवं सरकार के अधीन स्वायत्त निकाय और सांविधिक निकाय द्वारा पाठ्यक्रम में निर्धारित हों, सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक विषयवस्तु से संबंधित हों या विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में प्रयुक्त हों ।

**सेवा की मुख्य विशेषताएं :** उन्होंने बताया कि ज्ञान पोस्ट का स्पष्ट उल्लेख पैकेट पर आवश्यक है, वजन सीमा 300 ग्राम से 5 किलोग्राम, डाक खर्च-20 से 100 तक, वजन के अनुसार व केवल मुद्रित और वैधानिक रूप से प्रकाशित पुस्तकें ही स्वीकार्य होगी। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक/वाणिज्यिक सामग्री की अनुमति नहीं है, सभी ज्ञान पोस्ट आइटम ट्रैकेबल होंगे, निर्धारित शुल्क का भुगतान कर रजिस्ट्रीकरण, डिलीवरी का प्रमाण एवं बीमा संबंधी मूल्यवर्धित जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि संचार मंत्रालय (डाक विभाग) का यह कदम डिजिटल युग में भी शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक ज्ञान की पहुंच को सशक्त बनाने का प्रयास है। यह सेवा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और सीमित संसाधनों वाले छात्रों के लिए ज्ञान की पहुंच को सस्ता और सरल बनाएगी। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए नजदीकी डाकघर से संपर्क करें।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए हरियाणा की गतका टीम रवाना

**सिरसा, 4 मई ( ब्यूरो ):** यूवाओ के सबसे बड़े खेल ,खेलों इंडिया यूथ गेम्स जो कि बिहार के पटना और गया जिलों में 4 मई से 15 मई तक खेले जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स का शुभारंभ करेंगे। खेल इंडिया खेल एकेडमी के कोच सोमपत सिंह ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा पंचकूला द्वारा हरियाणा गतका टीम को आज रवाना किया। गतका एसोशिएशन ऑफ हरियाणा के जनरल सेक्रेटरी स्वर्ण सिंह रतिया को हरियाणा गतका टीम का मैनेजर बनाया गया है जबकि गतका की नेशनल खिलाड़ी खुशविंदर हरियाणा गतका टीम की कोच होगी । गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी बलजिंदर सिंह तूर कंपटीशन मैनेजर होंगे। खेलों इंडिया गेम्स बिहार 2025 में हरियाणा के 11 गतकाबाज देश के 22 राज्यों के खिलाड़ियों से भिड़ेंगे। हरियाणा की गतका टीम में जगजीत सिंह, जगजोत सिंह हिसार से हरविंद्र सिंह सिरसा से फरी सोटी टीम में खेलेंगे। मनदीप सिंह सिरसा से सिंगल सोटी इंडिविजुअल व गुरप्रेम सिंह सिरसा से फरी सोटी इंडिविजुअल में खेलेंगे।

# छोटूराम धाम समाज के लिए आर्थिक व समाजिक सुधारों पर काम करेगा

**असंध, 4 मई ( दलसिंह मान ):** सर छोटूराम धाम जसिया रोहतक में 25 एकड़ में निर्माणाधीन सर्वधर्म जाट एकता केंद्र कौशल विकास एवं शिक्षण संस्थान के निर्माण को लेकर गांव बल्ला में जाट सेवा संघ की कार्यकारणी अन्नदान की मुहिम घर घर तक पहुंच चुकी हैं । ग्रामीण बढ़ चढ़ कर अन्नदान कर रहे है । गांव बल्ला 2023 में भी सर छोटूराम धाम में अन्न इक्कठा कर एक कमरे की राशि 401000 चार लाख एक हजार रुपए गांव की तरफ से दिए जा चुके है। इस प्रयास को आगे बढ़ाते हुए अन्न इक्कठा कर रहे है ताकि संस्था का निर्माण तेजी से बढ़े सर छोटूराम धाम में बेरोजगार युवाओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी की कोचिंग शुरू कर दी गई है । मैनेजमेंट की ओर से एक बच्चे को एक महीने का हॉस्टल चार्ज एक हजार रुपए रखा है। समाज का प्रयास है कि जाट समाज का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण शिक्षा से वंचित न रहे । इस विषय को लेकर भविष्य में सीजीएल, एसएससी, नेट,नीट आने वाले समय में यूपीएससी जैसी कोचिंग देने की योजना पर काम चल रहा हैं । यह धाम समाज को आर्थिक व सामाजिक सुधारों पर कार्य करेगा । इस लिए इस संस्था की नींव रखी गई है । जाट सेवा संघ बल्ला करनाल के सभी सम्मानित सदस्यों ने अन्न दान मुहिम को चला रहे है । प्रधान अजमेर मान सतबीर मान, सुरेश मान, ओमप्रकाश मान, सुखबीर सिंह मान, आदि सम्मानित सदस्य इस कार्य में लगे हुए है।




# चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी, 4 मई ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में चोरी की वारदातों पर लगाम लगाते हुए एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी अजय उर्फ गली पुत्र सुखदेव निवासी सिसाय पुल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने दिनांक 02.05.2025 को सायं करीब 6 बजे रूद्र फिटनेस जिम के सामने से मोटरसाइकिल चोरी किया था। एंटी व्हीकल थेफ्ट हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को साईं कॉलोनी हांसी से चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। मोटरसाइकिल को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपी को बाद कानूनी कार्रवाई पुलिस बेल पर रिहा किया गया।

# उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक में निपटाए बिजली संबधी शिकायतें : सोमबीर भालोठिया

**कैथल, 4 मई ( प्रवेश बहादुर ):** उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटान के लिए, उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत कैथल की एक बैठक का आयोजन उनके कार्यालय के सभागार में प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे किया जाएगा।मई माह में निर्धारित तिथि 6, 13, 20 तथा 27 मई दिन मंगलवार को आयोजित होगी। इस बैठक में बिजली संबंधी समस्याओं जैसे अनुचित बिल, दोषपूर्ण मीटर, दोषपूर्ण रीडिंग, जिनका स्थानीय अधिकारियों (उपमण्डल अधिकारी व कार्यकारी अधिकारी) से मिलने उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस बिजली अदालत के समक्ष रख सकते हैं।

# बच्चों को नींद की कमी से होती हैं कई बीमारियां



बच्चों की उम्र के अनुसार नींद होनी चाहिये। अगर यह कम होती है तो उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए अगर आपके बच्चे को भी पर्याप्त नींद नहीं मिलती तो उसकी आदत बदल दें। रात में पर्याप्त नींद नहीं लेने वाले बच्चों को टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा अधिक होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने नौ से 10 आयुवर्ग के 4525 बच्चों के शारीरिक माप, उनके रक्त के नमूने और प्रश्नावली आंकड़ा एकत्र किया। उन्होंने पाया कि जो बच्चे अधिक देर तक सोते हैं उनका वजन अपेक्षाकृत कम होता है। नींद के समय का इनसुलिन, इनसुलिन प्रतिरोधक और रक्त में ग्लुकोज के साथ विपरीत संबंध है यानी यदि नींद का समय अधिक होगा तो इनसुलिन, इनसुलिन प्रतिरोधक और रक्त में ग्लुकोज का स्तर कम होगा। स्वास्थ्य सेवा के अनुसार 10 साल के बच्चे को 10 घंटे की नींद मिलनी चाहिये।बचपन में पर्याप्त नींद के संभावित लाभों का फायदा युवावस्था में स्वास्थ्य को मिल सकता है।

वहीं बच्चों में चिढ़िचढापन और अनेक तरह की बीमारियां मात्र नींद पूरी नहीं होने के कारण भी होती हैं। एक शोध में कहा कि एडीएचडी के लक्षण 70 फीसदी ऐसे बच्चों में पाए गए, जिन्हें नींद आने में दिक्कत होती है! प्रमुख शोधकर्ता मेलिस्सा मुलरेनी के अनुसार, सोने के समय की नियमित आदतों में सुधार से एडीएचडी पीड़ित बच्चों में खास अंतर लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं ने संकेत दिया कि एडीएचडी ऐसे बच्चे, जिनकी दिनचर्या एक सी होती है, वे सोते समय कम परेशान रहते हैं और आसानी से सो जाते हैं। रिपोर्ट में मुलरेनी के हवाले से कहा गया, जिन बच्चों में अच्छी आदतें होती है, वे रात में सोते समय आम तौर पर बहस नहीं करते और लंबी व अच्छी नींद लेते हैं, जबकि दिन में वे ज्यादा सतर्क रहते हैं व कम सोते हैं। उन्होंने कहा, यहां तक कि यदि आप अच्छी तरह से नहीं नींद लेते हैं, तो आप एडीएचडी की शिकायत के बगैर भी अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे।मुलरेनी ने कहा, हमारा बॉडी क्लॉक, जो हमें सोने के संकेत देती है, वह दिन के उजाले, तापमान व भोजन के समय जैसे बाहरी संकेतों से प्रभावित होती है।उन्होंने कहा, अगर आपका सेट रूटीन है, जैसे- यदि आप ब्रश करते हैं और फिर पुस्तक पढ़ते हैं तो आपका शरीर इस रूटीन का आदी हो जाता है और आपके इस रूटीन के अनुसार ही आपको सोने की आवश्यकता महसूस होने लगती है।

**खेल से होता है बच्चों का संपूर्ण विकास** –पढ़ाई के साथ ही खेल भी जीवन के लिए जरुरी है। इसके बिना बच्चे का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। अगर आप चाहते है कि आपके बच्चे का विकास स्वस्थ तरीके से हो तो उसके लिए बच्चों के खेल खेलना बहुत ही जरुरी है। अगर आपके बच्चे किसी तरह का खेल नहीं खेलेंगे तो बच्चो के शरीर की विकास अच्छी तरह से नही होगा न ही वह सक्रिय रहेगे। ऐसे में बच्चो को मोटापा भी नही आता। एक पालक होने के नाते आपको यह जानना आवश्यक है कि बच्चों के जीवन में खेल के क्या फायदे हैं। अगर आप बच्चों को उनके बचपन में खेलने से रोक रहे हैं तो वास्तव में आप उनका बचपन उनसे छीन रहे हैं।

आजकल बहुत से स्कूलों में तो बच्चो के लिए खेलने के मैदान ही नही होते। ऐसे में आपको चाहिए कि अपने बच्चे को स्कूल के बाद खेलने के लिए भेजे। इस तरह से आप अधिक अच्छे पालक बन सकते हैं।

खेलों के जरिये सीखते हैं सामाजिकता

जब आपका बच्चा खेलों में भाग लेता है तो उनमें सामाजिक कौशल का बहुत अच्छा विकास होता है। खेलों के दौरान आपका बच्चा अन्य बच्चों से मिलता है और उनसे बातचीत करता है। यह उसके समाजिक कौशल के विकास में सहायक होता है। मिल जुलकर काम करना –टीम वर्क में आपका बच्चा सीखता है कि किस प्रकार टीम की विजय में योगदान दिया जा सकता है। होता है मानसिक विकास–जब बच्चें किसी भी तरह का कोई खेल खेलते है तो उनके शरीरिक गतिविधि तो होती ही है। साथ में उनके सिर के अंदर का जो अंग है। उसका विकास होता भी है जो आपके बच्चे को जल्दी सीखने और बढ़ने में सहायक होता है।

खेलों से शारीरिक विकास –खेल या अन्य शारीरिक गतिविधियों से मांसपेशियों का विकास होता है। स्वस्थ हड्डियों और मांसपेशियों के अच्छे विकास के लिए आपको बच्चे को किसी भी तरह का खेल खालने के लिए उत्साहित करना चाहिए।

जब आपका बच्चा खेलों में भाग लेता है तो आपके बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके अलावा बच्चे को खुली हवा में छोड़ना अच्छा होता है ताकि उसे अपने आसपास के माहौल का भी पता लगेगा। बच्चो को बताना चाहिए कि जीतना और हारना जीवन का हिस्सा है तथा आपका बच्चा इसे खेल की उन गतिविधियों के माध्यम से सीखता है जिसमें वह हिस्सा लेता है।

खेल की गतिविधियों से शारीरिक सहनशीलता बढ़ती है, क्योंकि प्रत्येक गेम आख़िरी तक खेला जाता है जिससे आपका बच्चा सीखता है कि अधिक समय तक गर्मी में कैसे रहा जाता है। खेल खिलाड़ी की सहनशीलता के लिए चुनौती के समान होता है।अगर आपका बच्चा इस प्रकार के खेलों में सहभागी हो ताकि उसकी सहनशीलता बढ़ सके। शारीरिक गतिविधियों में ताकत ही सब कुछ होती है।

# बच्चे की याददाश्त बढ़ाने केलिए दिमागी कसरत पर जोर दें

बच्चे की याददाश्त बचपन से ही तेज कैसे रखी जाए। यह बात सभी अभिभाव सोचते हैं। इसके लिए अधिकतर लोग बेहतर खानपान पर जोर देते हैं पर इतना ही काफी नहीं है। याददाश्त बढ़ाने के लिए आपको बच्चे के साथ कुछ छोटी–छोटी दिमागी कसरतें भी करनी होगीं। मान लीजिये अगर आप कहीं घूमने गये हैं और वहां किसी रेस्टोरेंट में खाना खाने गए तो लौटकर उससे जुड़े सवाल करें। घर लौटने के बाद आप बच्चे से रेस्टोरेंट से जुड़ी कुछ बातें पूछिए। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि आप जो सवाल बच्चों से पूछें उनके जवाब आपको भी याद हों। जैसे रेस्टोरेंट में आप किस और बैठे थे वहां किस रंग की फोटो लगी थी या उससे जुड़े कोई खास सवाल। ध्यान रहे ये जवाब आप को भी आने चाहिये। लेफ्ट–राइट एक्सरसाइज याददाश्त बढ़ाने का बेहद खास तरीका है। इसमें बच्चे के सामने कई सारे खिलौने रखे होते हैं और उन्हें उन खिलौनों को दाईं या बाईं ओर रखने के लिए कहा जाता है। उदाहरण के लिए बच्चे को कुछ गेंदें दीजिए और उन्हें दाईं ओर रखी टोकरी में रखने के लिए कहिए। दूसरे दिन भी उसे गेंद को वहीं रखने के लिए कहिए, पर तीसरे दिन गेंदों को बाईं ओर रखने के लिए कह दीजिए। बच्चे का हाथ पहले दाईं ओर ही बढ़ेगा। पर, लगातार इस तरह के एक्सरसाइज से उसकी मानसिक सतर्कता और याददाश्त मजबूत होगी।'



जैसा कि आप जानती ही हैं कि अंग्रेजी में दो तरह के अक्षर होते हैं, स्वर और व्यंजन। अब पढ़ाई के बाद आपको बच्चे के साथ इन्हीं वॉवेल से जुड़ा खेल खेलना है। कागज पर एक बॉक्स बनाएं और उसमें अंग्रेजी के कुछ अक्षर लिखें। बच्चे से उन शब्दों को काटने के लिए कहें, जिसमें वॉवेल न हों। इस तरह से बच्चे की अंग्रेजी तो अच्छी होगी ही, उसकी दिमागी एक्सरसाइज भी होगी।

घर के कामों में लगाएं –किचेन में काम करते हुए बच्चे को भी काम में शामिल कीजिए। उन्हें कुकिंग से जुड़े छोटे–छोटे काम करने के लिए बोलें ताकि वो जान जाएं कि कौन–सी चीज कहां रखी है? अब अगले दिन उन्हें फिर से वही चीजें आपको रसोई से लाकर देने के लिए कहें। इससे होगा यह कि आपको पता चलेगा कि चीजें कहां रखी हैं, बच्चे को यह याद भी है या नहीं। जैसे आप बच्चे से प्याज लाने के लिए बोलिए। अगले दिन जब वो फिर यही काम करेगा तो दिमाग पर जोर डालेगा कि मां ने प्याज कहां रखे थे।

**नंबर गेम का कमाल**–डिजिट स्पैन मतलब वो एक्सरसाइज जो बच्चे की याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। इसके लिए बच्चे के सामने कुछ अंक बोलिए और उन्हें याद करने के लिए कहिए। अगले दिन बच्चे को आपको वो सारे अंक बताने होंगे। इसके लिए फोन नंबर का इस्तेमाल किया जा सकता है। आप कोई ऐसा नंबर बच्चे के सामने बोलिए जो उसे याद कराना ही हो। अब अगले कुछ दिनों तक बच्चे से वह नंबर नियमित रूप से पूछती रहें। खेल–खेल में उसकी याददाश्त बढ़ेगी।' इस एक्सरसाइज में बच्चा बेडरूम में ही कहीं भी अपना पसंदीदा खिलौना रख कर आएगा और दूसरे दिन उसे वहां से लेकर भी आएगा। वो भूल ना पाए, इसके लिए आपको संकेत देते रहने होंगे। बच्चे से कहिए कि वो बेडरूम की किसी खास ड्राअर में अपना खिलौना रखे। कुछ देर बाद या दूसरे दिन उससे वही खिलौना लाने के लिए बोलें। इस तरह से वो जब भी अपना सामान कहीं रखेगा तो जगह याद रखेगा। दोबारा उसे वो जगह सोचनी नहीं पड़ेगी।'

# बच्चों के टीवी देखते समय खाने की आदत नुकसानदेह

आजकल आमतौर पर बच्चे टीवी देखते समय ही खाना खाते हैं जो सही नहीं है। बच्चों की इस आदत से खाना उनके शरीर को नहीं लगता और वे मोटापे सहित कई रोगों से पीड़ित हो सकते हैं। ज्यादा टीवी देखने से बच्चों का शारीरिक विकास और मानसिक विकास दोनों की कम होता है, क्योंकि ऐसे बच्चे सारा दिन टीवी के सामने बैठे रहते है। वह न तो खेलने जाते है और पढ़ाई में भी पीछे हो जात हैं। इसलिए बच्चों की आदत को तत्काल रोकें। कई बार देखा जाता है कि जब बच्चें खाना नहीं खाते और नखरे करते है तो उनकी मां बच्चें को देखने के लिए टीवी लगा देती है ताकि वह खाना खा जाएं पर ऐसा नहीं करना चाहिए। ऐसा करके मां ही अपने बच्चे की आदत को खराब करती है। रात को खाना खाते समय बच्चों को टीवी देखने से रोकें क्योंकि यह ऐसा समय होता हैं जब सारा परिवार एक साथ बैठ कर खाना खाता है, दिन भर की बातें एक–दुसरे का साथ साझा करते हैं। अगर आपके घर में टीवी ड्राइंग रूम में लगा है तो इसे अपने कमरे में शिफ्ट कर लें। ऐसा करने से आपको पहला फायदा यह होगा कि आप देख सकेगें कि आपका बच्चा ज्यादा समय तक वह टी.वी नहीं देख सकेगा। लड़ाई–झगड़े वाली फिल्में देखने से बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। अगर आपको देखने से नहीं हटता तो आप बच्चे के साथ टीवी देखने के लिए बैठ जाए। हो सके तो टीवी के गलत चैनलों पर चाइल्ड लॉक लगा दें ताकि बच्चे ऐसे चैनल देख न सकें। अगर आप चाहते है कि आपके बच्चे पढ़ाई में आगे रहें तो उनके कमरे में कभी भी टीवी न रखें, नहीं तो वह पढाई के साथ खेल–कूद में भी पीछे रहेगें। जो बच्चे सारा दिन टीवी देखते है वह आलसी हो जाते है और सारा दिन घर से बाहर खेलने के लिए भी नहीं जाते। ऐसे में बच्चों का टीवी देखने से न तो दिमाग चलता है और न हीं वह थकान महसूस करते है, जिससे उनका शरीरक विकास भी नहीं होता। बच्चों को टीवी देखने की आदत को छुड़ाने के लिए उन्हें किसी क्लब या हॉबी क्लास में दाखिल करायें। कभी भी किसी कारणवश उन्हें व्यस्त रखने टीवी देख्नने न कहें।



# किताबों से बन रही दूरी समाज की नई दुर्बलता

**– सोनम लववंशी**


कभी किताबें धरोहर होती थीं, अब वे सिर्फ सजावट बनकर रह गई हैं। दीवारों पर टंगी तस्वीरों और दराज में पड़ी पुरानी डायरी की तरह किताबें भी बीते समय की याद भर हैं। यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस घोषित किया था ताकि समाज किताबों की अहमियत को दोबारा समझे, मगर आज सवाल ये है कि क्या हम वाकई समझना चाहते हैं? अब किताबें पढ़ी नहीं जातीं, खरीदी जाती हैं ताकि इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर लगाई जा सके। पढ़ने की जगह स्क्रॉल करने का चलन है। औसतन एक भारतीय प्रतिदिन 2.36 घंटे सोशल मीडिया पर बिताता है, जबकि पढ़ने में महज 2.7 मिनट खर्च करता है। इससे ज़्यादा किसी समाज की बौद्धिक दरिद्रता का प्रमाण और क्या होगा? पहले पढ़ा हुआ ज्ञान होता था, अब सुना हुआ भ्रम है। गूगल पर किताबों के बिना ज्ञान खोजिए, सैकड़ों वीडियो मिल जाएंगे जो साबित करने पर आमादा हैं कि बिना पढ़े भी दुनिया बदली जा सकती है। पर क्या सचमुच ऐसा है? क्या न्यूटन, टॉलस्टॉय, अंबेडकर या प्रेमचंद ने किताबों के बिना क्रांति की थी? नहीं। तो फिर आधुनिक भारत क्यों इस भ्रमित दिशा में बढ़ चला है? हम विश्वगुरु बनने को आतुर हैं, जबकि युवा पीढ़ी किताबों से दूर होती जा रही है। असर–2023 की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत के 14–18 वर्ष के 25 प्रतिशत विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में कक्षा दो की किताब तक नहीं पढ़ सकते। यह वही भारत है जहाँ शारदा पीठ, नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान केंद्रों ने विश्व को दिशा दी थी। एक अन्य रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर तीसरा ग्रेजुएट अपनी डिग्री के बाद फिर कभी कोई किताब नहीं पढ़ता। फिर भी हम समाज में विवेक, तार्किकता और आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं? आज पढ़ना 'बोरिंग' और रील्स 'एंटरटेनिंग' हो गई हैं। क्या यह मनोरंजन की लत हमारी मानसिक आज़ादी को नहीं निगल रही? आज का युवा ऐतिहासिक उपन्यास नहीं पढ़ता, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शॉर्ट्स जरूर देखता है। नतीजा ये है कि मोबाइल में डेटा तो भरपूर है, लेकिन मानव सोचने समझने की दृष्टि से रिक्त हो चला है। किताबें केवल सूचना नहीं देतीं, सोचने की कला सिखाती हैं। जो समाज किताबों से दूर होता है, वह आलोचना को सह नहीं पाता, वह भीड़ का हिस्सा बन जाता है, विचार का नहीं। तकनीक तात्कालिक ज्ञान देती है, जबकि किताबें स्थायी सोच रचती हैं। आजकल के युवा तकनीक से पढ़ाई कर समय बचाने पर गर्व करते हैं, लेकिन सवाल उठता है कि मानव ने समय बचाया या सोचने की क्षमता गंवा दी? एक समय था जब किताबें आंदोलन खड़ा करती थीं। स्वतंत्रता संग्राम में गीता रहस्य, डिस्कवरी ऑफ इंडिया और हिंद स्वराज जैसे ग्रंथों ने विचार और विद्रोह दोनों को जन्म दिया। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 10 में से 4 सरकारी स्कूलों में पुस्तकालय ही नहीं हैं, और जहां हैं भी, वहाँ किताबें बंद अलमारी में कैद हैं। यह शिक्षा है या दिखावा? विश्व बैंक की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग रिपोर्ट 2023 कहती है कि किताबों से दूरी, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को कुंद कर रही है। लेकिन हमने पुस्तकालयों को 'बोझ' मान लिया है। शिक्षा नीतियों में डिजिटल लर्निंग के नाम पर किताबों को हाशिए पर डाल दिया गया है। यह कैसा न्यू इंडिया है जो ज्ञान का मंदिर ही समाप्त कर रहा है?



हम किताबों को आदर तो देते हैं, पर पढ़ते नहीं। साहित्य महोत्सवों में लोग लेखक के साथ सेल्फी लेने आते हैं, किताबों पर चर्चा करने नहीं। यह ज्ञान का उत्सव है या लोकप्रियता का तमाशा? प्रश्न केवल यह नहीं कि हम पढ़ क्यों नहीं रहे, बल्कि यह है कि बिना पढ़े हम बन क्या रहे हैं? क्या तकनीक के भरोसे हम इंसान रह पाएंगे या डेटा–संचालित रोबोट बनते जाएँगे? किताबें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, चेतना का आधार हैं। जो किताबें छोड़ते हैं, वे सोचने की शक्ति भी खो बैठते हैं। और जो सोच नहीं सकते, वे केवल भीड़ का हिस्सा बनते हैं। क्या हम फिर से किताबों की ओर लौटेंगे या उन्हें सिर्फ 'बुकशेल्फ़' में कैद रखेंगे? क्योंकि अगर हमने पढ़ना बंद कर दिया, तो अगली पीढ़ी सोचने से भी डरने लगेगी। और तब किताबें नहीं, शून्यता शेष रह जाएगी। सोचिए किताबें नहीं पढ़ी जाएँगी तो विचार कहाँ बचेंगे?

# भारतीय समाज में बदलती पिता की अवधारणा

**–डॉ. श्रीमती शारदा मेहता**




भारतीय संस्कृति में पिता परिवार की धुरी होता है। उसका स्थान सर्वोपरि है। पांडव वनवास के समय जंगल में घूम रहे थे। वे प्यास से व्याकुल होने के कारण जलाशय, ढूँढ रहे थे। उन्हें एक स्थान पर जलाशय मिला। सर्वप्रथम सहदेव जलाशय पर पहुँचा। उसने हाथ में जल लेकर पीने का प्रयत्न किया। सहसा एक अदृश्य आवाज ने सहदेव से कहा कि मेरे प्रश्नों के उत्तर देकर ही जल ग्रहण करो। परन्तु सहदेव ने जल पी लिया और वह अचेत हो गया। बाद नकुल, अर्जुन तथा भीम की भी वही स्थिति हुई। अंत में धर्मराज युर्धिष्ठिर आये। अपने चारों भाईयों की मृतप्राय अवस्था देखकर उन्हें शंका हुई। वे भी जलाशय के पास पहुँचे। अदृश्य आवाज से उन्होंने परिचय पूछा। वह एक यक्ष की आवाज थी। उसने युधिष्ठिर से अठारह प्रश्न पूछे। सही उत्तर प्राप्त होने पर चारों भाई जीवित हो गये। उन प्रश्नों में एक प्रश्न था कि आकाश से ऊँचा कौन है? युधिष्ठिर ने तपाक से उत्तर दिया, ''पिता卐। वास्तव में सर्वोच्च स्थान पिता को ही प्राप्त है। पिता बालक को उसकी जीवन यात्रा में सही दिशा प्रदान करते हैं। स्वअनुशासित जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करते हैं। वह चाहते हैं कि उनका पुत्र उद्दंड न बने। सही रास्ता अपनाकर जीवन में उत्तरोत्तर ऊँचाइयों को प्राप्त कर पिता का नाम रोशन करे। पिता की अभिलाषा रहती है कि उनकी सन्तान बलिष्ठ बनें, किसी के सामने झुके नहीं और प्रत्येक समस्या का निदान निडर होकर करे। पिता सर्वदा हर क्षण कदम – कदम पर आने वाली समस्याओं के प्रति सचेत करते रहते हैं। एक सफल पिता की यह हार्दिक अभिलाषा रहती है कि जो कष्ट उन्होंने स्वयं उठाए हैं वह उनकी संतान को न उठाने पड़े। उसके पिता चाहते हैं कि उनकी सन्तान जीवन में किसी से धोखा न खाये और समस्याओं का निदान निपुणता से बिना झुंझलाहट के कर लें' । संस्कृत साहित्य के किसी विद्वान् कवि ने कहा है॰ –

जननी जन्मभूमिश्च जाह्नवी च जनार्दनः।
जनकः पंचमश्चैव जकाराः पंच दुर्लभाः।।

अर्थात् ये पाँच ''ज कार'' इस संसार में दुर्लभ है। जननी (माता), जन्मभूमि (स्वदेश) जाह्नवी (गंगा नदी), जनार्दन (भगवान श्रीकृष्ण) तथा जनकः (पिता) इन पाचों का सुख संसार में भाग्यशाली व्यक्ति को ही प्राप्त होता है।

भगवान विष्णु के साक्षात् अवतार श्रीराम को माता कैकेयी के हठ के कारण पिता दशरथ जी वन को भेजते हैं तो भगवान श्रीराम धीर – गंभीर होकर सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। जननी कौसल्या से वन गमन की आज्ञा माँगने जाते हैं। माता कौसल्या के हृदय की विशालता देखिये –

सरल सुभाउ राम महतारी। बोली वचन धीर धरि भारी।।
तात जाउँ बलि कीन्हेउ नीका। पितु आयसु सव धरमक टीका।।
श्रीरामचरितमानस, अयो. दो. 54 चै. 4



अर्थात् सरल स्वभाव वाली श्रीरामचन्द्रजी की माता बड़ा धीरज धरकर वचन बोलीं – हे तात! मैं बलिहारी जाती हूँ, तुमने अच्छा किया। पिता की आज्ञा का पालन करना ही सब धर्मों का शिरोमणि धर्म है।

पिता का स्नेह केवल पुत्र पर ही नहीं पुत्री पर भी उतना ही रहता है। मनोवैज्ञानिकों के मतानुसार पिता अपनी पुत्री पर अधिक स्नेह करते हैं। माँ यदि अपनी बेटी को यदा – कदा डाँटती है, दुनिया की ऊँच – नीच के बारे में उसे कुछ समझाती है तो पिता माँ को एक झिड़की देकर टोक देता है और कहते हैं कि समय आने पर, जिम्मेदारी सिर पर पड़ने पर मेरी लाड़ली सब कुछ कर लेगी। वह तुमसे भी अच्छी बनेगी।

बचपन में मैंने किसी पत्रिका में एक कहानी पढ़ी थी। सुज्ञ पाठकगण। उसका रसास्वादन करें। माता – पिता अपनी लाड़ली के लिए वर तलाश रहे थे। प्रत्येक लड़के में कुछ न कुछ मीन – मेख निकाली जा रही थी। पिता का कथन था कि मैं अपनी बेटी के लिए ऐसा राजकुमार सा वर ढूँढना चाहता हूँ जो मेरी लाड़ली को राजरानी बनाकर रखे और उसे किसी भी प्रकार की कमी न होने दे। मेरी बेटी उसके साथ हमेशा हँसती खिलखिलाती रहे आदि – आदि। बेटी ने पिता के कन्धे पर हाथ रख कर पूछा – पिता जी मेरे नाना जी ने भी आप में ऐसा ही राजकुमार ढूँढा होगा, फिर आप माँ को क्यों हमेशा उलहना देकर रूलाते रहते हो ऐसी होती है एक पिता की पुत्री के प्रति स्नेहासक्ति। ससुराल में भी बेटी की बिदाई के समय आशीर्वाद स्वरूप पिता का सिर पर रखा हाथ सर्वदा स्मरण रहता है। पुत्री पिता के सुख – दुःख का सहारा बनना चाहती है, पर वह अपने बाल – बच्चों की व्यस्तता में पिता को याद तो कर ही लेती है।

आधुनिक एकल परिवार तथा व्यस्त जीवन शैली ने हमारे संवेदनात्मक मानवीय रिश्तों को समाप्त सा कर दिया है। लिखित पत्रों के माध्यम से भी दूरी बन गई है। केवल फोन तथा व्हाट्सएप पर ही सुख – दुःख के समाचार भेजकर तथा पढ़कर आत्मीयता व्यक्त कर दी जाती है और इसी में सुखानुभूति कर ली जाती है। सब की अपनी – अपनी विवशता है। पुत्र हो या पुत्री पिता परिवार का संबल है और उसका वर्चस्व सर्वोपरि है। आज भी पिता का स्थान परिवार में केन्द्र बिन्दु का है।

# नशे के विरुद्ध साइकिल पर प्रचार प्रसार करते है : डा. अशोक कुमार वर्मा

**दो बार साइक्लोथॉन में ले चुके हैं भाग- लोगों को किया जागरूक**




**फरीदाबाद, 4 मई ( ब्यूरो ):** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा साइक्लोथॉन यात्रा के समापन के पश्चात फरीदाबाद और पलवल में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान को लेकर रविवार को पहुंचे हुए थे। उन्होंने आज साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध संदेश दिया। न केवल वे नशे के विरुद्ध सन्देश दे रहे हैं अपितु पर्यावरण संरक्षण के लिए भी साइकिल के साधन को अपनाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। हरियाणा भर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में साइकिल यात्रा का को पूर्ण कर चुके डॉ वर्मा ने साइकिल यात्रा में नेतृत्व किया है। इससे पूर्व वे 2023 में भी साइकिल यात्रा का नेतृत्व कर चुके हैं। डॉ अशोक कुमार वर्मा को साइकिल पर चलते हुए देखकर लोग उनसे मिले और प्रभावित हुए। अनेक लोगों ने साइकिल के साधन को अपनाने का वचन दिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा MANAS पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त अभियान को सफल बनाएं।

# शामगढ़ के पास हादसा, कार सवार व्यक्ति की मौत

**तरावड़ी, 4 मई ( छाया शर्मा ):** दिल्ली चंडीगढ़ नैशनल हाईवे तरावड़ी शामगढ़ के पास हुए एक सड़क हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की




दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के मर्चरी हाउस में भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक नारायणगढ़ का रहने वाला संदीप करनाल से अंबाला की तरफ जा रहा था। जैसी ही वह शामगढ़ गांव के पास पहुंचा तो फ्लाईओवर से पहले ही उसकी कर में पंचर हो गया। इसके बाद वह नीचे उतरकर देखने लगा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। हादसे के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति भी देखने को मिली। बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को साइड में करवाया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस जांच अधिकारी जसविंदर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस सड़क हादसे में संदीप की मौत हुई है। जिसकी पहचान नारायणगढ़ निवासी के रूप में हुई है। संदीप की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच है। फिलहाल पुलिस सड़क हादसे की जांच कर रही है।

# जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 7 मई को

**कुरुक्षेत्र, 4 मई ( सुदेश कुमार ):** जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक व डीडीएमसी की बैठक 7 मई को नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर करेंगे। इस बैठक का एजेंडा सम्बन्धित अधिकारियों को भिजवा दिया गया है। सभी अधिकारी पूरी तैयारियों के साथ बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने दी है।

# ट्रैडिंग के नाम पर चालू खाता लेकर खाते में डलवाए थे धोखाधड़ी के रुपए

**हांसी, 4 मई ( मनमोहन शर्मा ):** जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ट्रैडिंग के नाम पर चालू खाता लेकर खाते में धोखाधड़ी के रुपए डलवाने वाले मामले में दूसरे आरोपी प्रवीन पुत्र रणवीर कुमार निवासी मंथोडी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने रणदीप स/श बलजीत निवासी सिसाय बोलान हाल दुकान न.96 अनाज मंडी हांसी की पत्नी का करंट खाता लेकर खाते में धोखाधड़ी के रुपए डलवाए थे। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

# खेलों में हिस्सा लेने से बच्चों में खेल भावना विकसित होती है : राकेश कुमार

**बाबैन, 4 मई ( राजेश कुमार ):** गांव संघौर में वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन खेल कोच राजकिशन के द्वारा करवाया गया। इस प्रतियोगिता में दर्जनों टीमों ने



हिस्सा लिया जिसमें सारण व फ तेहपुर के बीच फाइनल मुकाबला हुआ और सारण से फ्तेहपुर को हराकर जीत हासिल की। इस मौके पर गांव के सरपंच राकेश कुमार ने मुख्य रूप से शिरक्त करते हुए विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। सरपंच राकेश कुमार ने कहा कि खेलों में बच्चों को बढ चढ की हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि ऐसे आयोजनों से बच्चों में खेल भावना विकसित होती है और नशे जैसी सामाजिक बुराई से दुर रहने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने युवाओं से आहवान करते हुए कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है और युवा वर्ग खेलों में आगे रह कर स्वयं को नई दिशा देने का काम करे।

# गर्मी में हीट वेव से करें बचाव, बरतें एहतियात : उत्तम सिंह



**करनाल, 4 मई ( परमजीत कौर ):** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडिय़ों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें।

**हीट वेव से बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय :** डीसी उत्तम सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडक़र न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे ना जाएं। यदि बच्चे को उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। डीसी ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें, उनके शरीर को ठंडक देने के साथ-साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।

**हीटवेव में पशुओं का भी रखें विशेष ध्यान :** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि जारी एडवाइजरी के अनुसार पशुपालक इस बात पर ध्यान दें कि पशुओं का शेड खुला व हवादार हो और शेड की छत ऊंची हो। अगर शेड की छत टीन की बनी है तो उस पर पराली आदि की परत डाल देनी चाहिए ताकि शेड के अन्दर का तापमान कम रहे। पशुओं के शेड की दिशा पूर्व से पश्चिम की तरफ होनी चाहिए। पशुओं के शैड में पंखे व डेजर्ट कूलर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पशु शेड के बाहर खुले में केवल घने छायादार वृक्ष के नीचे ही बांधने चाहिए। पशु को कम से कम दो बार जोहड़ आदि में ले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पशुओं के पीने के लिए हर समय सामान्य तापमान या थोड़ा ठंडा पानी उपलब्ध होना चाहिए। छोटे पशुओं के लिए ध्यान रखा जाए कि पानी की हौदी की ऊंचाई कम होनी चाहिए या उनके लिए किसी खुले मुंह के बर्तन में पानी पीने की व्यवस्था होनी चाहिए। गांव में सभी सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित पानी की होदियों में पशुओं के पीने के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। गर्मियों में हरे चारे की कमी रहती है इसलिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए तथा हरे चारे का संरक्षण कर साइलेज का प्रयोग भी किया जा सकता है। पशुओं को आहार सुबह जल्दी तथा शाम को या रात को देना चाहिए। पशुओं को संतुलित व पौष्टिक आहार देना चाहिए तथा आहार में खनिज मिश्रण का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि गर्मियों में भैंस मद (हीट) के दौरान केवल तार देती है व बोलती नहीं है, इसलिए सुबह व शाम को पशु मद (हीट) में है या नहीं इसकी जांच कर लेनी चाहिए। विदेशी नस्ल या संकर प्रजाति की गायों में इस मौसम में दुग्ध उत्पादन में भारी कमी आ जाती है इसलिए उन्हें ऊष्मीय तनाव से बचाने के लिए विशेष ध्यान देना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पशु को लू लग जाए तो पशुपालक तुरंत अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय /औषधालय में सम्पर्क करें।

# विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को रहना होगा स्वस्थ : गुरविन्द्र सिंह

**कुरुक्षेत्र, 4 मई ( सुदेश कुमार ):** साई के सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रहना होगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति होती है। एक स्वस्थ व्यक्ति रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अपना अनुकूलन करने में सक्षम होता हैं। साई के सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह रविवार को साई सेंटर कुरुक्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले सेवा निवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह, पूजा माडल स्कूल के निदेशक विकासदीप सिंह संधू, डीएसओ मनोज कुमार,साई के वरिष्ठ प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, पूर्व डीएसओ यशवीर सिंह, प्रिंसिपल दीपक सैनी, हाकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, वॉलीबाल कोच राहुल सांगवान, हॉकी कोच साहिल, साइकिलिंग कोच कोमल शर्मा, अरुण चौहान, समाजसेवी विनोद गर्ग ने हरी झंडी देकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया। इस साईकिल रैली ने साई सेंटर और आस-पास के क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में मनुष्य को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खेल कूद गतिविधियों में भाग लेने की जरूरत है। इन खेल कूद गतिविधियों के साथ-साथ प्रत्येक मनुष्य को योगा, साईकिलिंग और नियमित रूप से सैर को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण ने समाज को फिट रहने के लिए जन जागरण अभियान को शुरू करके एक सराहनीय कार्य किया है। इस फिट इंडिया अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने ककहा कि फिट इंडिया अभियान के साथ जुडकर नागरिक अपने आप को स्वस्थ बना सकता है। इसलिए इस अभियान के साथ सभी को जुडना चाहिए। इस प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा। उन्होंने कहा कि पहले एक व्यक्ति कई किलोमीटर की दूरी पैदल अथवा साइकिल से तय करता था, लेकिन आज हम मोटर गाडिय़ों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक कर रहे हैं। ऐसे में फिट इंडिया का महत्व भारत के लिए बढ़ जाता है। आज प्रौद्योगिकी ने हमारी शारीरिक क्षमता कम कर दी है और हमारी फिटनेस की आदत भी छीन ली है। साथ ही हम अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से अनभिज्ञ होते जा रहे हैं, जो हमें स्वस्थ रख सकती हैं। ऐसे में यह मुहिम प्रदेश को अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से जोडने का काम करेगी। साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के साथ प्रत्येक वर्ग को जोडने का प्रयास किया जा रहा है। साई के सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डीआईपीआरओ डा.नरेंद्र सिंह, पूर्व डीएसओ यशवीर सिंह,हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर, प्रशिक्षक सोहन लाल, पूनम कुमार, चांदराम, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी विनोद गर्ग, नरेश सैनी, वीरभान राणा, अजायब सिंह, पीटीआई मनोज, मुनीष धीमान, अग्रसेन स्कूल से विकास और मनप्रीत कौर आदि उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल पिहोवा व बाखली कार्यकारिणी का हुआ भव्य स्वागत

## नवनियुक्त कार्यकर्ताओं ने लिया पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**पिहोवा, 4 मई ( विवेक ):** भारतीय जनता पार्टी पिहोवा विधानसभा पिहोवा एवं बाखली मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पिहोवा विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी रहे जय भगवान शर्मा डी.डी. जी के सुपुत्र विंकल शर्मा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने संगठन में नए उत्साह और ऊर्जा के संचार की कामना की तथा सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। मंडल पिहोवा के अध्यक्ष प्रिंस मंगला की अध्यक्षता में घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री एवं सचिव स्तर के कई सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, मंडल बाखली के अध्यक्ष सुखबीर सिंह ईशाक द्वारा घोषित कार्यकारिणी में भी अनुभवी और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावों के लिए मजबूती से काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिहोवा विधानसभा की यह मजबूत टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं। समारोह में पार्टी के वरिष्ठ नेता रामधारी शर्मा, नगर पालिका पिहोवा के प्रधान आशीष चक्रपाणि, उप-प्रधान सुरेंद्र ढिंगरा, लाड़ी पाल जिला सचिव ,सुखबीर सैनी , सतीश सैनी, गुरुनाम मलिक एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे जिन्होंने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। भारतीय जनता पार्टी संगठन के विस्तार और जनसेवा के संकल्प के साथ दोनों मंडलों की कार्यकारिणी आने वाले समय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर दीपक कुमार मंडल उपाध्यक्ष, सुशील गर्ग मंडल उपाध्यक्ष, आयुष गर्ग मंडल उपाध्यक्ष, शिवानी मंडल उपाध्यक्ष, साहिल सैनी मंडल महामंत्री, गुलशन शर्मा मंडल महामंत्री, परमजीत कौर सैनी मंडल सचिव, मनजीत कौर मंडल सचिव, सुरेश सैनी मंडल सचिव, अजय कोरियोग्राफर मंडल सचिव, लव तलवार मंडल सचिव,मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला तथा मंडल बाखली के पदाधिकारी सुनीता देवी मंडल उपाध्यक्ष, चांदी राम मांगा मंडल उपाध्यक्ष, आंचल शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, गुरदेव पुरी बौद्ध मंडल उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार निम्बावाला मंडल महामंत्री,जस्सी मोहनपुर मंडल महामंत्री, राजविन्द कौर मंडल सचिव, दर्शन पंच मंडल सचिव, सोनी गुर्जर थाना मंडल सचिव, गुरमीत कलसा मंडल सचिव, प्रियंका थाना मंडल सचिव, जगनपाल सिंह मंडल, इन्द्रजीत गिरी भोला मंडल मीडिया प्रभारी, मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह ईशाक मौजूद थे।

# यातायात नियमों का पालन करें सभी जिलावासी : डीसी प्रीति

**कैथल, 4 मई ( प्रवेश बहादुर ):** डीसी प्रीति ने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित अधिकारी सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करवाने के साथ-साथ मुख्य सुविधाएं प्रदान करना भी सुनिश्चित करें। डीसी प्रीति ने कहा कि स्कूलों, कालेजों के साथ-साथ आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्हें बताया जाए कि यदि हम नियमों का सही पालन नहीं करेंगे तो उनकी स्वयं की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है, वहीं समाज के अन्य लोगों को भी काफी प्रभावित करती है। हमें ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना चाहिए, ओवर स्पीड में वाहन नहीं चलाएं, जेब्रा क्रासिंग का सही उपयोग करें, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग जरूर करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें, सीट बेल्ट लगाए, सड़क पर लगे संकेतों का पालन करें, धीमी गति के संकेत को गंभीरता से लें। यातायात पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारी और हमारे समाज की सुरक्षा के लिए बहुत आवश्यक है। डीसी ने कहा कि अभिभावक भी यह सुनिश्चित करें कि उनके नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग भी अपनी जिम्मेदारी पूरी गंभीरता से निभाएं।

# सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन 5 से

**करनाल, 4 मई ( सुनील कुमार ):** डी.सी उत्तम सिंह ने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 5 से 11 मई तक स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में वरिष्ठ वर्ग में महिला तथा पुरूष खिलाडिय़ों के कबड्डी व खो-खो के खेल शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी जिला खेल अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह खेल महोत्सव लोगों को खेलों के साथ जोडने का माध्यम है। महोत्सव का उद्देश्य लोकसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करना है। उन्होंने जिला के खिलाडिय़ों से इन प्रतियोगिताओं में रजिस्ट्रेशन करवाने तथा बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की है। सांसद खेल प्रतियोगिता में विजेता टीमों को नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहने वाली टीम को 51 हजार रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 31 हजार रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागी टीमों को प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएंगे।

# वकीलों के साथ हुए विवाद की विधानसभा अध्यक्ष ने डीसी से मांगी रिपोर्ट

**करनाल, 4 मई ( संदीप रोहिला ):** दो दिन पूर्व घरौंडा प्रशासन व वकीलों के बीच उत्पन्न हुए विवाद का विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने संज्ञान लिया है। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उपायुक्त करनाल से घरौंडा में वकीलों के साथ हुए विवाद की पूरी जानकारी मांगी गई है। ज्ञात रहे कि घरौंडा सब डिविज़न बनने के बाद कुछ वर्ष पूर्व घरौंडा में न्यायिक कोर्ट खोले जाने की घोषणा हुई थी जिसका उद्घाटन पिछले सप्ताह किया गया। कोर्ट खुलने के बाद वकीलों द्वारा एसडीएम कार्यालय परिसर में अपने चैम्बर आदि का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था जिसको अवैध निर्माण मान कर प्रशासन द्वारा रुकवा दिया गया। विवाद उत्पन्न होने पर वकीलों द्वारा इसकी सूचना हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविन्द्र कल्याण को भी दी गई जो घरौंडा के स्थानीय विधायक भी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने करनाल के उपायुक्त से पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी माँगी है।

# खरीद एजेंसियों ने खरीदा 5 लाख 56 हजार 361 एमटी गेहूं : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र, 4 मई ( सुदेश कुमार ):** डी.सी नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र के विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 56 हजार 361 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 95 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। डी.सी नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 24 हजार 092 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 201274 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 22008 एमटी गेहूं खरीदा है। उन्होंने कहा कि खादय आपूर्ति द्वारा 92 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 98 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 56 हजार 361 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 20 हजार 288 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है, 5 लाख 27 हजार 406 एमटी गेहूं की लिफ्टिंग की गई है। अभी भी मंडियों में 28955 एमटी गेहूं रखा हुआ है। उन्होंने एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं की लिफ्टिंग का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

# ओलंपिक खिलाड़ी ने गांव मूनक में खिलाड़ी को खेलों के बारे में दी जानकारी

**मूनक, 4 मई ( जय भगवान ):** मूनक पी.एस परमवीर सैनिक स्पोर्ट्स एकेडमी मूनक के खेल प्रांगण में ओलंपियन खिलाड़ी भाई बलराज



रोइंग ने खिलाड़ियों को खेल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि खेलों को खेल के हिसाब से खेलना चाहिए। खेलों में आपस में द्वेष लेकर नहीं खेलना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के टिप्स और खिलाड़ियों को भविष्य में उनकी सफलता के बारे में बताया । सभी बच्चों को खेल से जुड़ी बातों पर चर्चा की व कयाकिंग कैनोइंग के सभी खिलाड़ियों को भी संबोधित किया ! सभी बच्चों ने उसे पर उम्मीद जताई कि आने वाले ओलंपिक खेलो में देश का नाम रोशन करेगा। इस दौरान कोच संदीप शेरा, कुलदीप राणा, प्रदीप कुमार, सलमदिन ,रवि ,राजेश अकादमी के सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने पढ़कर सुनाया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शोक संदेश

*केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का संदेश भी पढ़ा गया*



**करनाल, 4 मई ( परमजीत कौर ):** करनाल के डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम में आयोजित लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शोक सभा में स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शोक संदेश पढ़कर सुनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा भेजे गए संदेश में कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल सबके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। उनकी शहादत न केवल सशस्त्र बलों बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी शहादत से देश ने एक वीर साहसी और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी को खो दिया है। जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। वे शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा नरवाल परिवार व परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि वे करनाल वासियों, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और अपनी तरफ से दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। ईश्वर नरवाल परिवार को यह दुख सहने का संबल प्रदान करे। इस मौके पर नौसेना के एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का शोक संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, डीसी उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, गजेंद्र फोगाट, एसडीएम अनुभव मेहता, नौसेना मुख्यालय की ओर से कैप्टन अमित पुरी, कैप्टन शोभित अग्रवाल, लेफ्टिनेंट प्रिया, नौसेना अधिकारी, विनय के पिता राजेश नरवाल, माता आशा देवी, दादा हवा सिंह, विनय की पत्नी हिमांशी, विनय की बहन सृष्टि, हिमांशी के पिता सुनील स्वामी, पूनम, महेश यादव व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**विनय की बहन ने भाई को याद करके खुद की लिखी कविता सुनाई :** इस मौके पर विनय की बहन सृष्टि ने भाई के साथ बचपन की पुरानी यादों को साझा किया। साथ ही विनय की याद में कविता सुनाई। उन्होंने शोक सभा में पहुंचे लोगों को दुख की इस घड़ी में साथ देने के लिए आभार जताया।

# केंद्र और प्रदेश सरकार व समाज विनय नरवाल के परिवार के साथ:हरविन्द्र कल्याण

## लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने दी श्रद्धांजलि







**करनाल, 4 मई ( संदीप रोहिला ):** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की हत्या से जो क्षति हुई है वह अपूर्णीय है लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार व समाज हमेशा उनके परिवार के साथ है। विनय में देश के लिए कुछ करने का जज्बा था। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण आज यहां डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में आयोजित विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने विनय नरवाल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि आज यह दुख का ऐसा पल है जब सभी वीर सपूत विनय नरवाल को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए हैं। यह ऐसा भावुक क्षण है जब पूरे देश की आंखें नम हैं। ऐसी घटना जिसने पूरे समाज, मानवता और राष्ट्र को हिलाकर रख दिया। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वीर सपूत विनय के जीवन की शुरुआत हो रही थी, उन्हें बहुत आगे जाना था। विनय में देश के लिए कुछ करने का जज्बा था लेकिन इस घटना में विनय सहित देश के कई लोग आतंकवाद की बली चढ़ गए। उन्होंने कहा कि विनय बेहद साहसी था। यदि उस समय विनय के हाथों में कुछ होता तो वे निश्चित रूप से ऐसा मुंह तोड़ जवाब देते जिससे पता चलता कि वीरता क्या होती है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में विनय की पत्नी हिमांशी ने भी बहुत बहादुरी दिखाई है। आज पूरा समाज व सरकार इस परिवार के साथ है। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि विनय की बहन ने भी आज भावुकता के साथ मन के उद्गार व्यक्त किए। हकीकत में हर व्यक्ति खुद को उस स्थान पर रखता है तो हिल जाता है। परिवार के सदस्य पूरे साहस के साथ एक-दूसरे को संभाल रहे हैं। सभी भविष्य में भी इसी प्रकार इस परिवार के साथ रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घटना के प्रति बहुत गंभीर है। उन्होंने जिस प्रकार सेना को कार्रवाई के लिए खुली छूट दी है, निश्चित रूप से घटना को अंजाम देने वालों के साथ ऐसा होगा जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। क्षेत्र का जनप्रतिनिधि होने के नाते और खुद को नरवाल परिवार का सदस्य मानते हुये उन्होंने परिवार को संबल देने के लिये आए हुए सभी का आभार जताया। इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, डीसी उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, गजेंद्र फोगाट, एसडीएम अनुभव मेहता, नौसेना मुख्यालय की ओर से कैप्टन अमित पुरी, कैप्टन शोभित अग्रवाल, लेफ्टिनेंट प्रिया, नौसेना अधिकारी, विनय के पिता राजेश नरवाल, माता आशा देवी, दादा हवा सिंह, विनय की पत्नी हिमांशी, विनय की बहन सृष्टि, हिमांशी के पिता सुनील स्वामी, पूनम, महेश यादव व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# श्री राम मंदिर में भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से करवाया पंचामृत स्नान

**करनाल, 4 मई ( सोनी दुआ ):** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में भोलेनाथ



को दूध, दही, घी, शक्कर व शहद से पंचामृत स्नान करवाया गया। श्रद्धालुओं ने भजन गाकर भोलेनाथ को रिझाया और परिवारों में सुख समृद्धि के लिए मनोकामनाएं मांगी गई। भोलेनाथ महाकाल के रूप में नजर आए। पंडित हरीश आचार्य ने विधि विधान एवं मंत्रो उच्चारण से पूजा अर्चना करवाई। भोलेनाथ को बेलपत्र, तुलसी, गुलाल, याजोपवित वस्त्र व फल अर्पित किए गए। संजीव ढींगरा और उषा ढींगरा की शादी की वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर अनु खट्टर ने भगवान तुम्हारे चरणों में मैं शीश झुकाने आया हूं वाणी में तनिक मिठास नहीं पर विनती सुनाने आया हूं भजन गाया। सुशील मदान ने कुछ अच्छे कर्म किए होंगे उसका ही फल पाया है मेरे जैसे पापी को भी प्रभु तुमने पलकों पर बिठाया है भजन गाया। अर्चना टक्कर ने मुझे और ना तड़पाओ दर्शन दे दो प्रभु एक बार मेरे हृदय के द्वार खुले तेरे मंदिर में आ आ के मेरी किस्मत खुल गई भजन गाया। सायंकाल में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक मदान, वेद दुआ, सर्वेश, चंद्र बत्रा, सरोज दुआ, शमी, चंदा, संतोष, तरसेम गुप्ता, अनिल छाबड़ा, साई दास अरोड़ा, मुरारी बत्रा, रविंद्र बत्रा, सुषमा धमीजा, रविंद्र तनेजा व पवन धमीजा आदि मौजूद रहे।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

**मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा बोले : सकारात्मक पत्रकारिता समाज में उम्मीद, प्रेरणा और रचनात्मकता को बढ़ावा देती है**



**हिसार, 4 मई ( मनमोहन शर्मा ):** हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है, जो समाज में उम्मीद, प्रेरणा और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। यह नकारात्मकता और सनसनीखेज खबरों के बजाय उन विषयों पर केंद्रित होती है जो मानवीय मूल्यों, उपलब्धियों और समाधानों को उजागर करती हैं। इसलिए हमें जो समाचार समाज को मजबूती के साथ जोड़ने का काम करता हो उसे पर हमें तथ्यात्मक रूप से मजबूत तथ्यों के साथ रिपोर्टिंग करनी चाहिए। समाज में बदलाव के लिये सरकार के साथ-साथ मीडिया और अखबारों की भी जिम्मेदारी है। अशोक छाबड़ा ने कहा कि आम जनता स्वतंत्र पत्रकारिता का समर्थन करें, विश्वसनीय स्रोतों से खबरें पढ़ें और दुष्प्रचार का विरोध करें। पत्रकार नैतिकता और निष्पक्षता बनाए रखें, डिजिटल सुरक्षा अपनाएं। मीडिया संगठन पत्रकारों को प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करें। इस विश्व प्रेस दिवस पर संकल्प लें कि हम निष्पक्ष पत्रकारिता को और मज़बूत करेंगे। प्रेस की आज़ादी सिर्फ़ पत्रकारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की आज़ादी है। अशोक छाबड़ा आज हिसार मे गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपने पत्रकार साथियों से संवाद कर रहे थे। कार्यक्रम में अशोक छाबड़ा को सममानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीजेयू के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज दयाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मिहिर रंजन पात्र,जम्भ शक्ति संस्था के अध्यक्ष विकास गोदारा, भाजपा प्रदेश मीडिया के सह प्रभारी शमशेर खरक, संदीप आजाद, पूर्व सरपंच संगठन के प्रदेश प्रधान सोमेश एडवोकेट समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में हिसार जोन के सैकड़ो पत्रकारों ने भाग लिया।

**विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मानते हुए इसके महत्त्व को समझें :** हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए अपने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मानते हुए इसके महत्त्व को समझें कि एक स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस लोकतंत्र, जवाबदेही और एक सूचित समाज के लिए कितना महत्वपूर्ण है। जबकि हम साहसी पत्रकारों का सम्मान करते हैं। हमें प्रेस की स्वतंत्रता के लिए सतर्क रहना चाहिए, गलत सूचनाओं के खिलाफ लड़ना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सत्य और पारदर्शिता हर देश की उन्नति और न्याय का आधार हों। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि एक स्वतंत्र प्रेस समाज का दर्पण और लोकतंत्र का प्रहरी है। यह दिन न केवल पत्रकारों के साहस का सम्मान करता है, बल्कि हमें सच्चाई, पारदर्शिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एकजुट होने का आह्वान करता है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जिसे अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के रूप में भी जाना जाता है, हर साल 3 मई को मनाया जाता है। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता के सिद्धांतों का जश्न मनाता है, दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करता है, मीडिया को उनकी स्वतंत्रता पर हमलों से बचाता है और अपने पेशे का अभ्यास करते हुए जान गंवाने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

**प्रेस हमें सच्चाई से जोड़ने के साथ-साथ सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करता :** हरियाणा मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि प्रेस हमें सच्चाई से जोड़ता है, सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करता है और समाज की आवाज को बुलंद करता है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया, ताकि पत्रकारों की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बढ़ावा मिले। इस वर्ष 2025 की थीम, नवीन साहसी दुनिया में रिपोर्टिंग प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव हमें एआई के पत्रकारिता पर प्रभाव को समझने की प्रेरणा देती है। लेकिन दोस्तों, पत्रकारिता आसान नहीं है। भारत में, संविधान का अनुच्छेद 19 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। हरियाणा की नायाब सरकार पत्रकारों को प्रदेश में पत्रकारिता के लिए इको फ्रेंडली माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है। आइए, हम सब मिलकर प्रेस की स्वतंत्रता का समर्थन करें। पत्रकारों की सुरक्षा और सच्चाई की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

# शभु नाथ केसरी ने की पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से भेंट

**हिसार, 4 मई ( मनमोहन शर्मा ):** शंभू नाथ केसरी, लघु उद्योग प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के प्रभारी ने आज हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट



मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर कमल गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात हरियाणा के हिसार स्थित उनके मालिक चौक स्थित आवास पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक विषयों सहित लघु और कुटीर उद्योगों की वर्तमान स्थिति और उनके भविष्य को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। श्री केसरी ने बिहार सहित देशभर में लघु उद्योगों की समस्याओं व उनके समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। डॉ. कमल गुप्ता ने भी लघु उद्योगों को स्वावलंबन व रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बताते हुए इनके प्रोत्साहन हेतु अपनी सकारात्मक राय रखी। उन्होंने कहा कि देश के विकास में लघु व कुटीर उद्योगों की अहम भूमिका है, जिन्हें नई तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की जरूरत है। भेंटवार्ता सौहार्दपूर्ण एवं सार्थक रही तथा दोनों नेताओं ने भविष्य में पारस्परिक सहयोग और सतत संवाद बनाए रखने की इच्छा व्यक्त क़ी इस अवसर पर प्रो. मनदीप मालिक भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुनील चाय पत्ती वाला सह संयोजक सुनील गुप्ता, रमाशंकर, दिलीप बाजपेई,श्यामानंद पांडे, केपी गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

# जिंदगी को हां तथा नशे को कहें ना : एसपी आस्था मोदी

**नशा जागरूकता मुहिम तहत खरकां, समाधा, उरलाना, पपराला, चीका, गुहला में आमजन को नशा ना करने बारे किया जागरूक**

**कैथल, 4 मई ( प्रवेश बहादुर ):** कैथल पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा



खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। नशा जागरूकता टीम में शामिल ए.एस.आई. ओमप्रकाश, एच.सी. सुनील कुमार की टीम गांव गांव जाकर आमजन को जागरूक कर रही है। एसपी आस्था मोदी ने कहा की इस अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। रविवार को पुलिस टीम द्वारा खरकां, समाधा, उरलाना, पपराला, चीका व गुहला अनाज मंडी में आमजन को जागरूक करते हुए बताया गया कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का है। पुलिस टीम द्वारा अपील की गई कि नशे का कारोबार करने वालों की सूचना डायल 112 या एंटी नारकोटिक सैल कैथल के नंबर 9254049337 पर पुलिस विभाग को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाऐगा। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार के नशे का आदी है और नशा छोडना चाहता है तो वह भी सरकारी अस्पताल कैथल में दवाई लेकर नशा छोड़ सकता है। ऐसे व्यक्ति की पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभव मदद की जाएगी।

# मीडिया का हमारे जीवन में गहरा महत्व : प्रीती गुप्ता

## सेंट पॉल डिवाइन स्कूल तरावड़ी में मनाया अंर्तराष्ट्रीय प्रेस दिवस




**तरावड़ी, 4 मई ( छाया शर्मा ):** सेंट पॉल डिवाइन स्कूल तरावड़ी में अंर्तराष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। यह दिन पत्रकारिता की स्वतंत्रता अभिव्यक्ति के अधिकार और मीडिया की भूमिका को सम्मान देने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य स्वतंत्र प्रेस की अहमियत को उजागर करना पत्रकारों की सुरक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन दुनिया भर में सूचना की आजादी और लोकतंत्र को मजबूत करने का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर सेंट पॉल डिवाइन स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति गुप्ता ने बच्चों को बताया कि एक मीडिया का हमारे जीवन में क्या महत्व होता है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक प्रेस लोकतंत्र की रीड होती है समय पर सही जानकारी देना कितना जरूरी है एक पत्रकार व मीडिया वह पुल है जो हम को व जनता को सच से जोड़ते हैं। यह दिन उन सभी पत्रकारों को सम्मान देने का अवसर है। जो इमानदारी और निडरता से सच्चाई सामने लाने का काम करते हैं। चाहे उसके लिए उन्हें कितनी भी मुश्किलों का सामना करना पड़े। प्रधानाचार्या प्रीती गुप्ता ने कहा की एक निडर कलम से ही समाज बदलता है जो कलम अन्याय के लिए लड़े वह सबसे बड़ी ताकत है ऐसी पत्रकारिता को हमारा सैल्यूट है। इस मौके पर सेंट पॉल डिवाइन स्कूल ने पत्रकारों को अपने विद्यालय में आमंत्रित किया तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया। सच्ची खबरों के लिए लड़ने वाले सभी पत्रकारों को सेंट पाल डिवाइन स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई दी

# मीरपुर मार्ग पर ग्रामीणों का विरोध, सड़क की मोटाई बढ़ाने की मांग को लेकर निर्माण कार्य रुकवाया

**रायपुररानी, 4 मई ( देवेन्द्र सिंह ):** रत्ताटिब्बी मोड़ से मीरपुर तक बन रही करीब 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क को लेकर ग्रामीणों ने रविवार को विरोध जताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस सड़क पर केवल 20 मिमी मोटाई की लेयर डाली जा रही है, जबकि रायपुररानी से गोबिंदपुर तक बन रही करीब 6 किलोमीटर सड़क 70 मिमी मोटाई की बनाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों सड़कों की तुलना में मीरपुर की सड़क की मोटाई कम रखी जा रही है, जो आने वाले समय में जल्द ही खराब हो जाएगी। जानकारी के अनुसार, मस्त राम, लाभ सिंह, जसवंत सिंह, प्रदीप सरपंच प्रतिनिधि मंडपा, पाला राम मीरपुर, राजपाल डाकर, राजकुमार बधौर और संजू मंडपा सहित कई लोगों ने एकजुट होकर विरोध जताया और कार्य रोक दिया। उन्होंने कहा कि यह सड़क गांवों के लिए एकमात्र मुख्य मार्ग है और इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि इस सड़क को भी 70 मिमी मोटाई में बनाया जाए ताकि यह लंबे समय तक टिक सके और गांववासियों को बार-बार मरम्मत की परेशानी न उठानी पड़े। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उन्होंने इस मुद्दे को लेकर करीब एक महीने पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सईएन से मुलाकात कर एक मांगपत्र सौंपा था। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं, गांववासियों ने चेतावनी दी है कि जब तक रत्ताटिब्बी मोड़ से मीरपुर तक की सड़क को 70 मिमी मोटाई में नहीं बनाया जाएगा, तब तक वे निर्माण कार्य शुरू नहीं होने देंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्द हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि गांव को गुणवत्तापूर्ण सड़क मिल सके और आगे की परेशानी से बचा जा सके।

## उल्लू ऐप ने 'हाउस अरेस्ट' शो के सभी एपिसोड हटाए, मांगी माफी

मुंबई, 4 मई (निस) डिजिटल प्लेटफॉर्म उल्लू ऐप पर प्रसारित 'हाउस अरेस्ट' शो को लेकर इसका विरोध हो रहा है। इस मामले में होस्ट और निर्माताओं को समन भी जारी हो चुका है। उल्लू ऐप ने शो के सारे एपिसोड हटाने के बाद माफी मांगी है। उल्लू ऐप पर 'हाउस अरेस्ट' शो को लेकर हिंदू संगठन ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गर्माता देख उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट के सभी शो हटा दिए हैं। उल्लू ऐप ने माफी मांगते हुए लिखा कि शो के सभी एपिसोड 3-4 दिन पहले हटा दिए गए थे। यह रिलीज आंतरिक टीम की अनदेखी और लापरवाही का परिणाम थी, जिसे हम स्वीकार करते हैं। कानून का पालन करने वाली संस्था के रूप में हम शो के रिलीज से हुई किसी भी असुविधा के लिए माफी मांगते हैं। धार्मिक भावनाओं को आहत करने और महिलाओं के अश्लील चित्रण के आरोप के साथ हिंदू संगठन की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने प्रोड्यूसर राजकुमार पांडे और होस्ट एजाज खान के खिलाफ 2 मई को एफआईआर दर्ज की थी।

# महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने किया था दिल्ली फतेह : अंग्रेज सिंह पन्नु



**करनाल, 4 मई ( संदीप रोहिला ):** सिक्ख कौम के महान यौद्धा महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया का 302वां जन्मदिवस गुरु द्वारा श्री गुरुनानक दरबार नानकसर करनाल में बड़ी श्रद्धा प्रेम व उत्साह के साथ रामगढ़िया वैलफेयर एसोसिएशन की तरफ से मनाया गया। इस मौके पर श्री गुरुग्रंथ साहिब अखंड पाठ के भोग डाले गए और संत गुरमीत सिंह जी नानकसर करनाल वालो ने अपने मनोहर कीर्तन से संगतों को निहाल किया। इस अवसर पर एडवोकेट अंग्रेज सिंह पन्नु ने एतिहासिक विचारों से महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया बहुत ही शूरवीर यौद्धा व कुशल प्रशासक थे। जहां महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने मुस्लिम शासकों से अमृतसर के रामरोणी के किले को बचाया व अपने सिक्ख भाइयों की मौके पर मदद कर इतिहासिक फैसला लिया वहीं पर मुगल फौज के दांत भी खट्टे किए। महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने बड़े घल्लु-घारे (नरसंहार) जो कि अब्दाली ने सिक्ख कौम के उपर किया था उसमें बड़ी बहादुरी से उसका मुकाबला किया । इसके साथ ही उन्होंने सिक्ख जरनैल बाबा जस्सा सिंह आहलुवालिया व बाबा बघेल सिंह के साथ मिलकर खालसा फौज को नेतृत्व किया और दिल्ली के लाल किले पर सिक्ख राज की स्थापना की। जिस मुगलीया तख्त पर बैठकर जहांगीर व औरंगजेब ने सिक्ख गुरुओं को शहीद करने के हुक्म दिए थे, महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया ने वह तख्त उखाड़ कर श्री दरबार साहिब अमृतसर की परिक्रमा में लाकर रखदिए जो आज भी इस बात का प्रतीक है कि सिक्ख अपने गुरु के प्रति श्रद्धावान हैं जिस किसी ने सिक्ख गुरुओं की और आँख उठाकर देखा सिक्खों ने उसे माफ नहीं किया। इस मौके पर विशेष तौर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनन्द पहुंचे और गुरु ग्रंथ साहिब के आगे नतमस्तक हुए और उन्होंने सिक्ख संगत को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया की तलवार ने गरीब और मजलूमों की मदद की और दिल्ली से मुगलिया हकुमत का अंत कर दिया। पूरा देश उनकी इस बहादुरी के आगे शीश नवाता है। इस अवसर विधायक जगमोहन आनन्द जी को महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया को यादगारी चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर रामगढ़िया बिरादरी के होनहार विद्यार्थी यशदीप सिंह को आई.आई.टी. में टॉप करने पर सम्मानित किया गया, इसके साथ ही पंजाबी पत्रकारिता व पंजाबी भाषा के प्रसार के विशेष कार्यो के पत्रकार पलविन्द्र सिंह सग्गू व परविन्द्र सिंह मठाडु को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य स. अमरीक सिंह, स. लखविन्द्र सिंह, स. गुरुजीत सिंह, स. गुरमीत सिंह मट्टू, गुरुनाम सिंह, बलविन्द्र सिंह, हरदीप सिंह, हरजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे व सैंकड़ो की संख्या में सिक्ख संगत हाजिर थी व गुरु का लंगर भी चलाया गया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन : अनीश यादव

**हिसार, 4 मई ( मनमोहन श्मार्ा ):** महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं तकनीक, पर्यावरण, आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे/युवा जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। डी.सी अनीश यादव ने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी। उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी अवाड्र्सडॉटजीओवीडॉटइन पर देखी जा सकती हैं।

## सीजेएम ने किया उपमंडल शाहबाद कोर्ट का दौरा

**कुरुक्षेत्र, 4 मई ( सुदेश कुमार ):** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में उपमंडल शाहबाद कोर्ट का दौरा किया। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने वहां पर कार्य प्रणाली को देखा तथा मौके पर ही अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है ताकि कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना आए।

## सांसद जिंदल की थाना टोल प्लाजा को हटाने की मांग, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र भेजकर दिया आश्वासन




**पिहोवा 4 मई ( विवेक ):** कैथल अंबाला रोड पर बने थाना टोल प्लाजा का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में आया है। इस टोल प्लाजा को हटाने की कार्रवाई पर संज्ञान लेने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद नवीन जिंदल को पत्र भेजा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र लिखकर सांसद नवीन जिंदल को अवगत कराया है कि उनका विभाग नियमों का अवलोकन कर रहा है। इसके बाद इस मांग पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एनएचएआई विभाग को स्थिति का अवलोकन करने के आदेश केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा दिए गए हैं। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि अप्रैल माह में सांसद नवीन जिंदल द्वारा अम्बाला-हिसार हाइवे पर गांव थाना के निकट बने टोल प्लाजा को यहां से हटाने की मांग को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजा गया था। पत्र के माध्यम से सांसद जिंदल ने कहा था कि मार्च 2022 में संसद सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा घोषणा की गई थी कि 60 किलोमीटर के दायरे में केवल एक ही टोल प्लाजा रहेगा। यदि निर्धारित रेंज में दूसरा टोल प्लाजा होगा तो उसे यहां से हटाया जाएगा। लेकिन अम्बाला-हिसार रोड पर गांव थाना के निकट और इस्माईलाबाद से आगे गांव सैनी माजरा के निकट दो टोल पड़ते हैं। दोनों की आपस में दूरी 45 किलोमीटर से भी कम है। यदि कैथल के लोगों को अम्बाला की तरफ जाना हो तो उन्हें दो जगह टोल देना पड़ता है। थाना टोल प्लाजा पर आने-जाने के लगभग 135 रुपए और सैनी माजरा में भी इतने ही रुपए वाहन चालकों को देने पड़ते हैं। सांसद ने केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर थाना टोल प्लाजा को यहां से हटाने की मांग की थी। जिसे लेकर अब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र भेजकर सांसद नवीन जिंदल को अवगत कराया है कि उनका विभाग नियमों का अवलोकन कर रहा है। इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बागवानी विभाग द्वारा राईपनिंग चेम्बर के लिए दिया जा रहा है 35 प्रतिशत तक अनुदान

**हिसार, 4 मई ( मनमोहन श्मार्ा ):** प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी के क्षेत्र को बढ़ाने के लिये विशेष अनुदान योजना लागू की गई है। जिसमें राईपनिंग चेम्बर (केला पकाने का गोदाम) पर 1 लाख रूपये प्रति मीट्रिक टन लागत के आधार पर 35000 रूपए प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से अनुदान राशि दी जा रही है। जिला बागवानी अधिकारी कुलदीप श्योराण ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत अधिकतम 300 मीट्रिक टन तक प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति लाभार्थी दिए जाते है। बागवानी स्कीम का लाभ उठाने के लिए विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण व पूर्ण दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। आनलाईन पंजीकरण के माध्यम से पहले आओ व पहले पाओ के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी। जिला में उपरोक्त योजना का लाभ लेने के इच्छुक जिला बागवानी अधिकारी कुलदीप श्योराण के मोबाइल नंबर 9813200625 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## 2 किलो गांजा के असल सप्लायर को किया गिरफ्तार

**हांसी, 4 मई ( मनमोहन शर्मा ):** एस.पी अमित यशवर्धन भा.पु.से. के दिशा-निर्देशानुसार जिला भर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ए.एन.सी स्टाफ पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 2 किलो गांजा के असल सप्लायर विक्रम पुत्र सतीश निवासी डाटा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी ने गत दिनो पहले अजय पुत्र राजेश निवासी वार्ड नंबर 12 नारनौंद को 2 किलो गांजा सप्लाई किया था। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में अभियोग अंकित हुआ था। एंटी नार्कोटिक सेल हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया।

## बगलामुखी जयंती पर रायपुररानी मंदिर में भंडारे का आयोजन आज

**रायपुररानी, 4 मई ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी स्थित माता बगलामुखी मंदिर में आज बगलामुखी जयंती के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य रोहित ठाकुर ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जो माता के दर्शन व प्रसाद ग्रहण करने के लिए मंदिर पहुंचेंगे। वहीं, मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर मंदिर पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता करें।

## स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र बुजुर्गों के साथ मनाएंगे भारतीय राजनीति के संत पुरुष मनोहर लाल का जन्म दिवस

### करनाल के मॉडल टाउन स्थित निर्मल धाम आश्रम में हवन यज्ञ से होगी वृद्ध पूजन की शुरुआत



**करनाल, 4 मई ( रविन्द्र मलिक ):** हरियाणा की राजनीति के शिखर पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल का जन्म दिवस धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। उनके जन्म दिवस पर एक तरफ जहां रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है वहीं निर्मल धाम स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्ध पूजन के रूप में उनका जन्मदिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजक स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भारतीय राजनीति के संत पुरुष और हरियाणा की राजनीति में नए युग का सूत्रपात करने वाले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी है। जनता की सेवा, सुरक्षा और कल्याण के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दूसरों के सामने राजनीति में सेवा का उत्तम उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि ईमानदारी और नैतिकता के साथ भी राजनीति की जा सकती है। अटल और दृढ़ निश्चयी मनोहर लाल वास्तव में हरियाणा की राजनीति के लोह पुरुष हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार, बेईमानी और गुंडागर्दी के सामने कभी घुटने नहीं टेके। आम जनता के लिए उनके त्याग और समर्पण को देखते हुए उनका जन्म दिवस वृद्ध पूजन के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। राजनीति में ऐसे संत रूपी नेता बहुत कम देखने को मिलते हैं। उन्होंने बताया कि उनके जन्मदिवस पर निर्मल धाम आश्रम में स्थित वृद्ध आश्रम में हवन यज्ञ से कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद वृद्ध पूजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनूबाला गुप्ता व इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

## कलायत शहर में आनन-फानन में बिना गुणवत्ता के गलियों का निर्माण करने के आरोप

**निर्माण कार्यों की सिरे से जांच होने तक भुगतान पर रोक लगाने की मांग**

कलायत 4 मई ( सूबे सिंह मोर ) - कलायत शहर में नगर पालिका



द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर अब खुद लोगों ने अपने-अपने आवासीय क्षेत्रों में जिम्मेवारी की कमान संभाल ली है। इसकी शुरूआत वार्ड 15 के लोगों ने की है। विकास कार्यों की निगरानी के लिए युवा समाज सेवी राजेश शर्मा, रामपाल खरक, अशोक कुमार, जगदीश, जोगेंद्र सिंह, सुमित कुमार, गुरमीत और अन्य ने निर्माणाधीन गलियों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा आनन-फानन में गलियों का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा न तो गलियों का लेवल किया गया है और न ही टोह वाला की मजबूती का ध्यान रखा जा रहा है। यही वजह है कि वार्ड के विभिन्न हिस्सों में अभी से नव निर्मित गलियां धंस व टूट रही हैं। कई जगह तो टोहवाला महज लीपापोती है। इस प्रकार की स्थिति बेहद गंभीर है। समाज सेवी संगठनों ने जारी निर्माण कार्यों की सिरे से जांच करने के लिए अलग से निगरानी टीम गठित करने की मांग शासन-प्रशासन से की। इस संबंध में प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी शिकायत भेजने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक निर्माण की गहनता से जांच पूरी न हो कोई भुगतान किसी एजेंसी को नहीं किया जाए। क्योंकि केवल वार्ड 15 ही नहीं वार्ड 16 में भी नव निर्मित गलियों की स्थिति बेहद नाजुक है।

**पारदर्शिता रखी जाएगी कायम- धीमान**

नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान ने कहा कि निर्माण कार्यों में पारदर्शिता को हर सूरत में कायम रखा जाएगा। यदि गलियों के निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## गणौली में 8 मई को होगा अस्तबली पीर पर वार्षिक भंडारा एवं जागरण समारोह आयोजित

**रायपुररानी, 4 मई ( देवेन्द्र सिंह ):** गांव गणौली में 8 मई को अस्तबली पीर पर वार्षिक भंडारा एवं जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामवासियों की आस्था, एकता और सेवा भावना का प्रतीक है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे भंडारे के साथ होगा, जिसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात रात्रि 9 बजे से भक्ति जागरण का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक आकाश नाथ एवं पवन कुमार द्वारा पीर बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जानकारी देते हुए सरपंच संजीव ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि गांव की सांस्कृतिक और सामाजिक एकजुटता को भी सशक्त करता है। ग्रामीणों की सामूहिक सहभागिता इस कार्यक्रम को हर वर्ष एक विशेष रूप देती है।

## कलायत में चोरियों की घटनाओं को लेकर गुस्साए दुकानदारों ने रविवार को बाजार बंद कर पुलिस स्टेशन में डेरा डाला



**कलायत, 4 मई ( सूबे सिंह ):** कलायत में चोरियों की घटनाओं को लेकर गुस्साए दुकानदारों ने रविवार को बाजार बंद कर पुलिस स्टेशन में डेरा डाला। इस दौरान थाना प्रबंधक जय भगवान सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में घंटों चली बैठक में चोरी की घटनाओं को लेकर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट शहर के लोगों ने मांगी। हवा सिंह, राहुल कंसल, सुरेंद्र बंसल, जोरा सिंह, राजेंद्र बंसल, सुरेश गोयल, प्रवीण मटौर, प्रवीण जांगड़ा, सोनू गोयल, अंकित सिंगला, सुरेश भट्ट, राजेंद्र कुमार, शंभू गर्ग और शमशेर सिंह ने बताया कि चोर गिरोह दुकानों को लगातार निशाना बना रहा है। चोर सरेआम पुलिस को चुनौती देते हुए चोरी की घटनाओं को निशाना बना रहे हैं। हालात इस कदर खराब हैं कि पूर्व में चोर गिरोह के लोगों ने चौकीदार को न केवल बंधक बनाया बल्कि अपहरण कर दूसरे गांव में छोड़ आए। चोर गिरोह के लोग इस कदर शातिर हैं कि कभी वे दुकानों के पीछे से वृक्षों का सहारा लेकर सेंध लगाते हैं तो कभी सीढ़ी से कार्यवाही को अंजाम देते हैं। समझ नहीं आ रहा कि दुकानदार दिन भर कार्य करके घरों में आराम करें या दुकानों की पहरेदारी करें। गंभीर विषय यह भी है कि चोर घटना को अंजाम देते हुए सीसीटीवी डीवीआर को भी अपने साथ लेकर फुर्र हो जाते हैं। दुकानदारों ने इन हालातों में साफ तौर से दुकानें न खोलने की विवशता जाहिर की। इस पर थाना प्रभारी ने दुकानदारों को जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उठाए जा रहे कदमों की रिपोर्ट दी। उपरांत दुकानदारों ने जल्द चोरों को काबू करने के आश्वासन पर बाजारों को खोला। कलायत शहर में 15-16 अप्रैल की रात्रि एक साथ चोरों ने पुराने डीएसपी कार्यालय के पास रेलवे रोड पर चार दुकानों को निशाना बनाया। पुलिस टीमें चोरों की तलाश में लगी थी। इसी दौरान चोरों ने अगली कार्यवाही करते हुए मटौर रोड पर गंगा बिशन करियाना स्टोर में सेंध लगाते हुए करीब पांच लाख रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर डाला। इसके अलावा शहर में मोटरसाइकिल व अन्य चोरियों की सूची लंबी है जिस प्रकार योजनाबद्ध तरीके से चोर गिरोह द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है उससे जाहिर है कि चोर शहर की स्थिति से भली भांति वाकिफ हैं। दिन में गिरोह के लोग रैकी करते हैं और मौका मिलते ही चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। संदेह है कि चोर गिरोह बाहर से हैं। गिरोह के सदस्य शहर या इधर-उधर किराये के मकानों में रहता है। पुलिस और जनता के बीच चली बैठक में नगर पालिका प्रधान अंकित राणा भी मौजूद रहे।

**एसपी के आदेश पर चार टीमें गतिशील :** थाना प्रबंधक जय भगवान सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने चोरी की घटनाओं के खिलाफ ठोस कार्यवाही के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। इसके तहत सीआइए-1, सीआइए-2, पुलिस स्पेशल टीम व कलायत थाना की टीम को गतिशील किया गया है। पुलिस जांच टीमें सीसीटीवी फूटेज के साथ-साथ घटना से जुड़े तमाम पहलुओं की जांच कर रही हैं। चोर जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## अगर हम बीजेपी की बी टीम होते तो पीएम मोदी के सामने वक्फ कानून नहीं फाड़ते-ओवैसी

बहादुरगंज, 4 मई (निस) ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए एआईएमआईएम को असली मुकाबला करने वाली पार्टी बताया है। बिहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि इस बार फिर विपक्षी दल आएंगे और कहेंगे कि हम बीजेपी की बी टीम हैं।ओवैसी ने कहा कि ये वही बी टीम है, जिसने वक्फ संशोधन अधिनियम को पीएम मोदी के सामने फाड़ दिया था। आप लोग तो ए टीम थे, लेकिन आपने कुछ नहीं किया, बस तीन मिनट बोले और बैठ गए। ओवैसी ने मतदाताओं से एआईएमआईएम को समर्थन देने की अपील की और दावा किया कि कई पार्टियां आकर लोगों को पैसे देंगी। उन्होंने कहा कि पैसे ले लेना, लेकिन वोट एआईएमआईएम को ही देना।

किशनगंज में रैली को संबोधित करते हुए ओवैसी ने पाकिस्तान को असफल देश बताया और कहा कि वह कभी भी भारत को शांति से नहीं रहने देना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा पाकिस्तान से मजबूत था, है और रहेगा। पाकिस्तान न तो अपने ही समुदायों में शांति स्थापित कर पाया है और न ही ईरान और अफगानिस्तान जैसे अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध रख पाया। मोदी सरकार ने पाकिस्तान के जहाजों और विमानों की आवाजाही पर जो बैन लगाया हैं, वे सही कदम हैं, लेकिन अब और सख्त कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आतंकवाद को प्रायोजित करने के लिए पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की ग्रे लिस्ट में डालने पर विचार किया जाना चाहिए।

## पानी रोकने के विरोध में इनेलो पार्टी करेगी प्रदर्शन-सुरजीत संधू

करनाल, 4 मई (परमजीत कौर) ⁼डियन नेशनल लोकदल पार्टी के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव सुरजीत संधू गगसीना ने बताया की कल दिन सोमवार को इनेलो पार्टी करनाल में पंजाब सरकार द्वारा हरियाणा का पानी रोकने के विरोध में पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुनैना चौटाला जी प्रदर्शन की अगवानी करेंगी और जिला उपायुक्त करनाल को ज्ञापन देंगी केन्द्र और प्रदेश सरकार को चेताने का काम करेंगी की आप पंजाब सरकार से हरियाणा के हक का पूरा पानी हरियाणा के किसानों को दिलवाये नहीं तो इनेलो पार्टी को मजबूर होकर प्रदेश में प्रदर्शन करने पड़ेंगे जरूरत पड़ी तो चौधरी अभय सिंह चौटाला जी की अगवानी में पंजाब के रास्ते बंद करने पड़ेंगे ।जिसकी जिम्मेवार खुद सरकार होगी

# पोस्टर प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस एवं गीतों के माध्यम से मजदूरों को नमन किया



फाजिल्का, 4 मई (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह) = जीनियस कान्वेंट स्कूल, कटैहड़ा में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (लेबर डे) बड़े उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कविता सपड़ा और एम.डी. श्री राघव सपड़ा रहे। स्कूल की कोऑर्डिनेटर श्रीमती रेखा ग्रोवर ने बताया कि इस अवसर पर छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही।

जूनियर विंग के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेते हुए श्रमिकों के प्रति सम्मान और आदर भाव को प्रस्तुत किया, वहीं सीनियर छात्रों ने पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से श्रमिकों के योगदान और उनके विचारों को सुंदर चित्रों में उकेरा।कार्यक्रम के दौरान संगीत शिक्षक श्री अमित शर्मा के निर्देशन में कक्षा नौवीं की छात्रा नूर, आस्था और आठवीं की छात्रा सुप्रिया ने काम बड़ा हो या छोटा हो, मेहनत तो रंग लाती है गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।अध्यापकों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए श्रमिकों के महत्व और उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल श्रीमती कविता सपड़ा ने बच्चों को श्रमिक दिवस के इतिहास और महत्त्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह दिन दुनिया भर के श्रमिकों को समर्पित है, जिन्होंने अपने श्रम से राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। हम उन्हें श्रमवीर कहें तो ज्यादा उचित होगा।इसके उपरांत, विद्यालय की ओर से सभी श्रमिक कर्मचारियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। एम.डी. श्री राघव सपड़ा ने कहा कि, जीनियस कान्वेंट स्कूल ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को सामाजिक मूल्यों के प्रति सजग बनाने का निरंतर प्रयास करता रहेगा।

# पंजाब में सरे बाजार लड़की के पीछे कैंची लेकर भागा आशिक, बोला हां या नहीं...-

जगराओं 4 मई (निस) शहर के अनारकली बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब एक कपड़े की दुकान पर काम कर रही लड़की से नशे की हालत में आए युवक ने सरेआम छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। लड़की द्वारा विरोध करने पर युवक ने दुकान के अंदर ही तमाशा खड़ा कर दिया। मौके पर पहुंचे लड़की के परिजनों ने बाजार में ही उसकी जमकर पिटाई कर दी और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक हाथ में कैंची लेकर दुकान में घुसा और लड़की से हां-या ना पूछने लग पड़ा। जब लड़की ने विरोध किया तो उसने खुद को कैंची मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। दुकान मालिक ने भी जब उसे समझाने की कोशिश की तो युवक ने दुकान के अंदर ही डेरा जमा लिया और कहा कि जो भी उसके पास आएगा, वह उसे कैंची मार देगा। घटना की सूचना मिलते ही बाजार में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लड़की के परिजनों को बुलाया गया और पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही परिजनों ने युवक के हाथ से कैंची छीनकर उसकी जमकर पिटाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह युवक पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका है और गांव के सरपंच के कहने पर उसे पहले चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। लेकिन इस बार उसने सारी हदें पार कर दीं, जिसके चलते अब उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि युवक ने लड़की के साथ अभद्र व्यवहार किया है और उसे थाने ले जाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नशे की पूर्ण समाप्ति की जंग में एकजुट हुआ पूरा पंजाब-हरपाल सिंह चीमा



पटियाला, 4 मई (निस) पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने ऐलान किया है कि पंजाब सरकार द्वारा छेड़ी गई युद्ध नशों विरूद्ध मुहिम अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच चुकी है। आज अपने कैबिनेट साथी स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के साथ पटियाला में गाँव एवं वार्ड डिफेंस समितियों के सदस्यों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि आज पूरा पंजाब नशों के खिलाफ एकजुट हो चुका है। दोनों मंत्रियों ने ज़ोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में जहां नशा तस्करों के घर और हौसले तोड़े गए हैं, वहीं पिछली सरकारों ने इन तस्करों को पनाह दी थी। हरपाल सिंह चीमा ने बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों के साथ नशों के विरुद्ध एकत्रित जनसमूह को शपथ दिलाई कि वे युद्ध नशों विरूद्ध को जनआंदोलन बनाकर पंजाब को देश का पहला नशा मुक्त राज्य बनाएंगे। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान ने दृढ़ निश्चय कर लिया है कि गुरु-पीरों की इस धरती को नशों से बर्बाद नहीं होने देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार की नशों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशा तस्करी में किसी भी प्रकार की संलिप्तता उजागर होने पर वह व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई राजनीतिक नेता हो या अफसरशाही का हिस्सा। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अकाली-भाजपा सरकार के समय पंजाब में नशे के बीज बोए गए, कांग्रेस सरकार ने उसे सींचा, लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने अब इस पौधे को जड़ से उखाड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मान सरकार पानी, खेती और युवाओं को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, जबकि भाजपा पंजाब के पानी पर डाका डालने की कोशिश में है , लेकिन पंजाब सरकार इन साजिशों का मुंहतोड़ जवाब देगी।

वित्त मंत्री चीमा ने मुख्यमंत्री मान द्वारा बीबीएमबी के मुद्दे पर लिए गए कड़े स्टैंड की प्रशंसा करते हुए कहा कि मान असली जल रक्षक हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने एसवाईएल नहर के लिए इंदिरा गांधी को चांदी की कुदाली भेंट की थी और बाद में पानी के मुद्दे पर दिखावा किया। जबकि बादल सरकार ने पंजाब का पानी हरियाणा को देकर गुरुग्राम में ज़मीन हासिल की। इससे पहले, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने पटियाला जिले के विशाल जनसमूह को देखकर आशा जताई कि पटियाला पंजाब का पहला नशा मुक्त जिला बनेगा। उन्होंने कहा कि आज आम नागरिक सिर उठाकर चल रहा है और नशा तस्कर चेहरा छुपा रहे हैं। अब ड्रोन आते हैं लेकिन नशा लेने वाले नहीं मिलते। उन्होंने नशा तस्करों को चेतावनी दी कि या तो वे पंजाब छोड़ दें या काले कारोबार को।

# अमृतसर के कॉरपोरेशन महक में जितेंद्र सिंह मोती भाटिया को सौंपा जाएगा मांग पत्र

अमृतसर 4 मई (मधु राजपूत) आज अमृतसर में छेहरटा वेलफेयर



एसोसिएशन की ओर से पत्रकार परविंदर वेरका को साथ देते हुए संगठन के प्रधान सरदार हरपाल सिंह भगू जी ने सभी पत्रकार भाईचारा को एकजुट किया और साथ ही कॉरपोरेशन महकमें के जितेंद्र सिंह मोती भाटिया को सोमवार को मिलकर हमारी छेहरटां प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से एक मांग पत्र सोमवार को दोपहर 2:00 बजे दिया जाएगा इस मौके पर संगठन के प्रधान सरदार हरपाल सिंह भगू जी ने बताया कि अगर इंसाफ नहीं किया गया तो सभी पत्रकार तीखा संघर्ष करेंगे

# पिस्तौल के बल पर शराब के ठेके पर वारदात, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बठिंडा 4 मई (निस) गत रात्रि 2 अज्ञात लुटेरों ने पिस्तौल के बल पर बरनाला बाइपास पर स्थित शराब के ठेके के करिंदे से 10 हजार रुपये की नकदी व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। ठेके के करिंदे राम प्रताप ने बताया कि गत रात्रि 2 अज्ञात आरोपी ठेके के अंदर घुस आए व पिस्तौल उसके पेट पर लगाकर उससे नकदी की मांग की। आरोपी उससे करीब 10 हजार रुपये तथा उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है व मामले की पड़ताल की जा रही है।

# पचुनाव से पहले हलवारा एयरपोर्ट को लेकर विरोधियों की बढ़ी परेशानी

लुधियाना 4 मई (निस) संजीव अरोड़ा के प्रयासों से पूरे हुए हलवारा एयरपोर्ट को लेकर हलका वैस्ट में होने वाले उपचुनावों से पहले विरोधियों की परेशानी पब्लिक के गले नहीं उतर रही है। यह बात किसी से छिपी नही है कि संजीव अरोड़ा द्वारा राज्यसभा एम.पी. बनने के बाद से ही हलवारा एयरपोर्ट के प्रोजेक्ट को पूरा करवाने के लिए रैगुलर फॉलोअप किया गया जिसके चलते पंजाब सरकार द्वारा 60 करोड़ का फंड रिलीज करने के बाद ही हलवारा एयरपोर्ट के प्रोजेक्ट के लिए नए सिरे से टैंडर लगाने पर काम शुरू हो पाया। इसी तरह संजीव अरोड़ा द्वारा हलवारा एयरपोर्ट के प्रोजैक्ट को पूरा करवाने के लिए सिविल एविएशन मंत्री व सैक्रेटरी सहित पंजाब व लुधियाना के आला अफसरों के साथ लगातार मीटिंगें की गई। जिसे लेकर फोटो व कम्युनिकेशन संजीव अरोड़ा द्वारा पब्लिक प्लेटफार्म पर सांझा कर दी गई हैं जिसके मुकाबले कांग्रेस के पास सिर्फ हलवारा एयरपोर्ट के प्रोजैक्ट की घोषणा उनकी सरकार के समय होने का बहाना है। अब हलवारा एयरपोर्ट को लेकर भाजपा द्वारा हलका वैस्ट में होने वाले उप चुनावों से पहले शोर मचाया जा रहा है कि यह केंद्र सरकार का प्रोजैक्ट है लेकिन उन लोगों को शायद यह नहीं पता कि हलवारा एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण से लेकर टर्मिनल बिल्डिंग बनाने का फंड पंजाब सरकार द्वारा दिया गया है। जहां तक केंद्र सरकार का सवाल है, उसके सिविल एविएशन मंत्रालय द्वारा डिजाइन पास करने में हुई देरी की वजह से हलवारा एयरपोर्ट के निर्माण में देरी हुई है और फिर एयरफोर्स स्टेशन के अंदरूनी हिस्से में काफी देर तक काम नहीं हो पाया। अब हलवारा एयरपोर्ट का प्रोजैक्ट मुकम्मल होने पर दशकों की मांग पूरी होने पर उद्यमी व व्यापारी खुलकर संजीव अरोड़ा को क्रैडिट दे रहे हैं तो विरोधी पार्टियों को हजम नहीं हो रहा लेकिन कांग्रेस व भाजपा का यह विरोध पब्लिक के गले नहीं उतर रहा।

# मणिपुर हिंसा पर बोली कांग्रेस... पीएम ने राजधर्म नहीं निभाया

**पृष्ठ एक का शेष** ...दो दिन पहले ही तामेंगलांग जिले में हुई हिंसक झड़प में 25 लोग घायल हो गए थे। उन्होंने कहा कि 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 68,000 लोग विस्थापित हुए हैं तथा हजारों लोग अब भी राहत शिविरों में रह रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, मणिपुर आपकी यात्रा, शांति और सामान्य स्थिति की वापसी का इंतजार कर रहा है। उन्होंने दावा किया, ''जनवरी, 2022 में मणिपुर में आपकी आखिरी चुनावी रैली के बाद से आपने दुनिया भर में 44 विदेशी दौरे और देश भर में 250 घरेलू दौरे किए हैं, फिर भी आपने मणिपुर में एक सेकंड भी नहीं बिताया है।

मणिपुर की जनता ने खुद राष्ट्रपति शासन की मांग की

खड़गे ने सवाल किया, ''मणिपुर के लोगों के प्रति इतनी उदासीनता और तिरस्कार क्यों? राजनीतिक जवाबदेही कहां है?%% उन्होंने कहा कि मणिपुर की जनता ने खुद राष्ट्रपति शासन की मांग की, लेकिन जब भाजपा को कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा और प्रधानमंत्री की पार्टी के विधायक नया मुख्यमंत्री तय नहीं कर सके तो 20 महीने बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटाने मांग मानने के लिए प्रधानमंत्री को मजबूर होना पड़ा। खड़गे ने प्रधानमंत्री से सवाल किया, ''डबल इंजन सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के अपने संवैधानिक कर्तव्य में विफल क्यों रही? आपने पहले मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया?%% उन्होंने दावा किया कि केंद्र और राज्य का प्रशासन अब भी मणिपुर में विफल है तथा हिंसा की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''आपने अपनी अक्षमता को छिपाने के लिए जल्दबाजी में आधी रात को दो बजे राष्ट्रपति शासन लागू करने का प्रस्ताव संसद में पारित करा दिया, जैसे कि किसी का आपके ''पापों पर ध्यान नहीं जाएगा।

## पीएम ने वायुसेना प्रमुख से मुलाकात की..

का समय, तरीका और लक्ष्य सेनाएं खुद तय करेंगी। पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच सरकार लगातार सक्रिय है। पीएम मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार ने कहा है कि पहलगाम हमले के दोषियों और साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा दी जाएगी।

## जयशंकर ...

**पृष्ठ एक का शेष** ...जब भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, तो पश्चिमी देशों ने सवाल उठाए। तब जयशंकर ने कहा था- अगर यूरोप को अपनी ऊर्जा ज़रूरतें पूरी करने का अधिकार है तो भारत को भी वही हक है।

उन्होंने ये भी कहा था कि यूरोप को यह सोचना बंद करना चाहिए कि यूरोप की समस्याएं पूरी दुनिया की समस्याएं हैं, लेकिन बाकी दुनिया की परेशानियां यूरोप की समस्या नहीं हैं।

## रुस से मिली मिसाइल

देता है।

**वायुसेना को भी मिलेगा फायदा** - रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, वायुसेना ने भी इस प्रणाली के लिए अलग से अनुबंध किया है, जिससे देश की वायुसीमा को बहुस्तरीय सुरक्षा मिल सकेगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ड्रोन और हवाई हमलों की आशंका पाकिस्तान और चीन दोनों ओर से बढ़ रही है।

**पुरानी प्रणाली को मिलेगी नई ताकत** - सेना और वायुसेना दोनों के पास पहले से मौजूद इग्ला-1एम प्रणाली 1989 से सेवा में है, लेकिन इग्ला-एस उसका कहीं अधिक उन्नत और सटीक संस्करण है। यह नया सिस्टम लॉक एंड फायर तकनीक पर काम करता है, जिससे टारगेट एक बार लॉक हो जाने के बाद उसका बचना मुश्किल हो जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब के इस इलाके में भारी तबाही, आंखों के सामने जल गए लोगों के आशियाने

गुरदासपुर 4 मई (निस) पंजाब के इलाके में भारी तबाही देखने को मिली, जिससे मौके पर चीख पुकार मच गई। ये दुखदायी खबर जिले के डेरे बाबा नानक से सामने आई है। बता दें कि, डेरा बाबा नानक में भारी तबाही देखने को मिली है, जहां कई गरीबों के आशियाने जलकर राख हो गए। जानकारी के मुताबिक, बीती रात हुई बारिश और आंधी के कारण डेरा बाबा नानक के गांव ममन में रहने वाले गुज्जर समुदाय के लोगों के लिए आफत बन गई है। तूफान के कारण गुज्जर समुदाय की झोपड़ियां आग की चपेट में आ गईं। इस बीच कालू नामक व्यक्ति ने बताया कि हमारे घर में आग लग गई, जिससे काफी नुकसान हुआ है। इस तबाही के में करीब 30 भैंसें और बकरियां आग की चपेट में आ गईं, जिनमें से कई की मौत भी हो गई। उन्होंने बताया कि आग में रेक्टर भी बुरी तरह झुलस गए। इसके अलावा परिवारों का सारा सामान, सोने-चांदी के जेवरात, नकदी सहित अन्य आर्थिक नुकसान भी हुआ है।

## सिविल अस्पताल में जबरदस्त हंगामा, माहौल तनावपूर्ण

कपूरथला 4 मई (निस) शहर के सिविल अस्पताल में जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। इस दौरान 2 पक्षो ने एक दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे अस्पताल में माहौल तनावपूर्ण हो गया। जानकारी के मुताबिक, अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में 2 पक्षों के बीच झड़प हुई है, जहां पर घरेलू विवाद के चलते 2 महिलाएं कांति और काजल का इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं आपस में रिश्तेदार हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अस्पताल में पीसीआर और सिटी थाना पुलिस पहुंची, जिसमें माहौल को शान्त करवाकर एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों महिलाएं नामदेव कॉलोनी में रहती हैं। गत रात झगड़े में दोनों गंभीर घायल हो गई, जिन्हें परिवार वाले इलाज के लिए सिविल अस्पताल लेकर आए। इसी बीच इमरजेंसी वार्ड में भी दोनों पक्षों में विवाद हो गया। मौक पर मौजूद डाक्टरों ने तुरन्त पुलिस को इस संबंधी सूचना दी। फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर माहौल को शान्त करवाया और एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। वहीं मौके पर मौजूद डाक्टरों का कहना है कि सिविल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में सुरक्षा गार्ड नहीं होने के चलते ऐसी घटना घटी है। पहले भी ऐसी कई समस्याएं आती रही हैं।

## रंजिश के चलते बड़ी वारदात, किसान को दी रूह कंपा देने वाली मौत

फाजिल्का 4 मई (निस) पंजाब में रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई, जहां एक किसान को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। घटना फाजिल्का के अबोहर से सामने आई है, जहां रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान भारत रतन (उम्र 35 वर्ष) निवासी सूतो गुन्न गांव अबोहर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, गत दिन दोपहर 3 बजे जब भारत रतन गांव बिश्नपुरा जा रहा था तभी कुछ युवकों ने उसे घेर लिया और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान भारत बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे उसके परिवार वाले तुरन्त स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां के डाक्टरों ने उसका प्राथमिक इलाज कर उसे आगे फरीदकोट रैफर कर दिया। इसके बाद परिवार वाले उसे श्रीगंगानगर ले गए, जहां से रात को बठिंडा रैफर कर दिया गया। लेकिन परिवार वाले उसे बठिंडा लेकर जा रहे तो सादुलशाहर के पास उसकी मौत हो गई।

# अमृतसर शराबियों को झटका, आरके इंटरप्राइजेज के शराब के ठेके सील!

अमृतसर 4 मई (निस) शराब के शौकिनों के लिए बेहद ही खास खबर सामने आई है, दरअसल पंजाब में कई शराब के ठेके सील कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि, पंजाब में 31 मार्च बाद नए ठेके अलॉट कर दिए गए हैं। इसी बीच अमृतसर में शराब के ठेकों से जुड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, आर.के. इंटरप्राइजेज के शराब के ठेकों को सील किया गया है। बताया जा रहा है कि, आर.के. इंटरप्राइजेज ने न्यू अमृतसर और रंजीत एवेन्यु में शराब के ठेके लिए थे, लेकिन आबकारी विभाग ने इन्हें 2 दिन के लिए सील कर दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर आर.के. इंटरप्राइजेज का बयान भी सामने आया है। उन्होंने आबकारी विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग के कुछ अधिकारी उन्हें दोगुने दाम पर शराब बेचने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने जब शराब के नए ठेके लिए थे तब से लेकर अब तक रजिस्टर पूरा रिकार्ड रखा है। आबकारी विभाग द्वारा निरीक्षक करके इस पर सिग्नेचर भी किए गए। आर.के. इंटरप्राइजेज का कहना है कि वह आबकारी विभाग की नीति का पालन कर रहें फिर कुछ अधिकारियों द्वारी उन्हें तंग किया जा रहा है। वह महंगी शराब नहीं बेच सकते जिसके चलते उनसे रंजिश रखी जा रही है। इसी के चलते शराब के ठेके सील कर दिए गए है।

प्रेस वार्ता के दौरान आर.के. इंटरप्राइजेज ने आगे कहा कि, उन्होंने फर्मों पर ठेके पर 50-50 करोड़ रुपए खर्च करके लिया है। पंजाब में करीब 200 ग्रुप है। ठेकों पर शराब हम सरकार द्वारा तय किए गए रेट पर दे रहे है। ऐसे में शराब को ठेको को सील करना ठीक नहीं है। उन्होंने इसके चलते पंजाब सरकार से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं उक्त मामले को लेकर आबकारी विभाग का भी बयान सामने आया है। विभाग का कहना है कि, आर.के. इंटरप्राइजेज ने नियमों का उल्लंघन किया है , जिसके चलते शराब के ठेकों को 2 दिन के लिए बंद किया गया है।

# आधी रात अनाउंसमेंट सुन इलाके में मची अफरा-तफरी, घरों से बाहर निकले लोग

भवानीगढ़ 4 मई (निस) निकटवर्ती गांव रामपुरा में कल देर रात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब एक किसान द्वारा शाम को अपने खेत में तूड़ी बनाने के बाद करचों को लगाई आग से निकली चिंगारी देर रात्रि तेज हवा के दौरान सुलग उठी और भांबड़ बन कर देखते ही देखते आसपास के कई खेतों में फैल गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए गांव रामपुरा के सरपंच गुरमेल सिंह ने बताया कि बीती रात बलियाल रोड़ से उनके गांव की ओर आने वाली सड़क पर खेतों में अचानक भयानक आग लग गई तथा तेज हवाओं के कारण जब आग गांव की ओर बढ़ने लगी तो पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई तथा इस संबंध में तुरंत गांव रामपुरा व आसपास के अन्य गांवों में भी अनाउंसमेंट करवाई गई जिसके बाद रामपुरा, रेतगढ़, बलियाल व भवानीगढ़ से भारी संख्या में मौके पर पहुंचे लोगों ने ट्रैक्टर व अन्य साधनों की मदद से आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग एक खेत से दूसरे खेत में फैलती चली गई। इस अग्निकांड में गांव रामपुरा के तीन-चार किसानों की 20 एकड़ से अधिक तूड़ी बनाने योग्य नाड़ जलकर राख हो गई, जिससे इन किसानों को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। बाकी किसानों द्वारा गेहूं की कटाई के बाद तुड़ी का काम भी पूरा कर लिए जाने के कारण यहां बचाव हो गया। गांववासियों ने बताया कि तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी और जब वे गर्मी से बचने के लिए अपने घरों से बाहर निकले तो जब उन्होंने आसमान में आग की लपटें और धुआं उठता देखा तो उन्होंने तुरंत संगरूर में फायर ब्रिगेड को सूचित किया, जहां से उन्हें जवाब मिला कि संगरूर के निकट कई गांवों में आग लगने के कारण कोई भी गाड़ी उपलब्ध नहीं है। इसके बाद उन्होंने समाना में फायर ब्रिगेड को भी फोन कर मदद मांगी, लेकिन वहां से भी नकारात्मक जवाब मिला। जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर खुद ही खेतों में मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत से आग को गांव की तरफ बढ़ने से रोका और उस पर काबू पाया।

# 30 जून तक इन चीजों पर लगी सख्त पाबदियां, हरगिज न करें यह काम वरना...

फाजिल्का 4 मई (निस) जिला मैजिस्ट्रेट अमरप्रीत कौर संधू ने धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में विभिन्न पाबदियां जारी की हैं। ये प्रतिबंध 30 जून तक प्रभावी रहेंगे तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आदेशों में जिला मजिस्ट्रेट ने जिले में 50 माइक्रोन से कम मोटाई, 8 × 13 से कम आकार तथा बिना निर्दिष्ट रंग वाले एकल उपयोग प्लास्टिक लिफाफों के निर्माण/उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके अलावा इन लिफाफों को नालियों/सीवरेज या सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना भी प्रतिबंधित है। इनके उपयोग से सफाई व्यवस्था बाधित होती है और सीवर आदि में फंसकर रुकावटें पैदा होती हैं तथा गंदा पानी स?कों और गलियों में प्रवेश कर जाता है, जिससे खतरनाक पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। एक अन्य आदेश जारी कर आम जनता के फाजिल्का जिले में सीमा के निकट स्थित गांवों और बीपीओ में शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक प्रवेश करने और बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। सीमा क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से फाजिल्का जिले में सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ बीओपी के पास आम जनता की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। यह आदेश सेना, बीएसएफ, पुलिस, ठेकेदारों और सैन्य क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी परमिट वाले श्रमिकों पर लागू नहीं होगा। एक अन्य आदेश में जिला मजिस्ट्रेट ने फाजिल्का जिले की सीमा के भीतर कोबरा/कांटेदार तार की बिक्री, खरीद और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dish tv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
sling
dish CH. NO. 748-008
amazon fire TV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba
STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI
EKOM FLIX
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com

इन्द्रप्रीत कौर दर्दी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक भारत देश हमारा ने जेएसडी पब्लिकेशन्स प्रा. लिमि. पटियाला के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब , सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह से छपवाकर कार्यालय भारत देश हमारा गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, पुरानी प्रेस रोड , पटियाला से प्रकाशित किया।
PRGI (RNI) Regd. No.42376/1985